माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

कानपुर
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक -168, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के असार 14

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 2

## एक नजर

### आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है।

### हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

**रांची।** कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। यह जानकारी वकीलों ने दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा था। सोरेन की ईडी हिरासत बुधवार को समाप्त हो गई।

### जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

# महाभारत न हो इसलिए हमने तो अयोध्या, मथुरा व काशी ही चाहा

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा
- कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म
- राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब
- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये



तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

### पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश



नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक



सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

### सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

# संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



- खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

## ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि ईडी की शिकायत पर उन्हें 17 फरवरी को तलब होने के लिए आदेश जारी किया गया है।



## आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

### श्रीनगर में टारगेट किलिंग

- हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

# उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा। धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे।

### यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: धामी



यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है।

# उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापा

ब्यूरो, देहरादून

- पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ ईडी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।




# आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ




- आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

### कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

**इन आपदाओं का किया चयन :** बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

> अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।
>
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

## जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

**लखनऊ।** रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।



# पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोंटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

## मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

## राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

# इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जान: बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी



महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

### सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

### पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरूगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

# शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

## 11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे अश्विन की ली जगह

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| रैंकिंग | खिलाड़ी | रेटिंग |
| --- | --- | --- |
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 2 | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | आर अश्विन | 841 |
| 4 | पैट कमिन्स | 828 |
| 5 | जोश हेजलवुड | 818 |
| 6 | प्रभात जयसूर्या | 783 |
| 7 | जेम्स एंडरसन | 780 |
| 8 | नाथन लियॉन | 746 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | 746 |
| 8 | ओली रॉबिन्सन | 746 |

**अब तक भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब**



दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

# हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

**नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है**



विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।



## द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

**अल-रेयान (कतर), एजेंसी।** याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

# न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को पहले टेस्ट में 281 रन से दी मात

माउंट मोनगानुई, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन नए खिलाड़ियों के साथ यहां पहुंची द. अफ्रीका को 281 रनों से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। कप्तान टिम साउदी ने बीते दिन के स्कोर 4 विकेट पर 179 रन पर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी घोषित कर दी जिससे द. अफ्रीका को जीत के लिए 529 रन का लक्ष्य मिला। काइल जैमीसन के 4 और मिचेल सैंटनर के 3 विकेट से न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका की दूसरी पारी को 247 रन पर समेट दी। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 511 रन बनाने के बाद द. अफ्रीका को 162 रन पर आउट कर 349 रन की बढ़त बनाई थी। साउथी ने तब फॉलोऑन नहीं करने का फैसला किया और पहली पारी में शतक जड़ने वाले अनुभवी केन विलियमसन ने दूसरी पारी में भी शतक लगाया।



# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा




**मुंबई, एजेंसी।** नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

### 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

## श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव: सुजय



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

## अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

### यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### आरक्षी को राजकीय सम्मान के साथ विदाई

**चित्रकूट, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में बुधवार को आरक्षी स्व. वीरेंद्र यादव को एसपी अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ हर्ष पांडेय, राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने अंतिम विदाई दी। आरक्षी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शोक सलामी दी गई। एसपी, एएसपी ने शव को कांधा दिया। एसपी ने परिवारीजनों को ढ़ाढ़स बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। आरक्षी वीरेंद्र यादव ने बीते दिन शहर के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### जुआ खेलने के आरोप में 5 लोग किए गिरफ्तार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** रैपुरा थाने के उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गड़रियनपुरवा मजरा देवरा में जुआ खेलने के आरोप में शिवचरण शुक्ला निवासी लौरी लोखरी, धीरेंद्र त्रिपाठी, भूमिदत्त त्रिपाठी निवासीगण नेवरा, उमाकांत त्रिपाठी, देवकीनंदन राजपूत निवासीगण हन्ना बिनैका को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 11500 रुपये व जामातलाशी से 9000 रुपये मिले। पुलिस ने 5 बाइकें भी बरामद कीं। आरोपियों पर जुआ अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। बाइकों को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

### एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा

**मानिकपुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शी ने सरकारी कर्मचारी से मारपीट, चोट पहुंचाने के मामले में दोषी युवक को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा दी है। प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने संजय जायसवाल निवासी गांधीनगर को सजा दी है।

# अब तक नहीं हुई पूर्व बीएसए पर कार्रवाई: अनिल प्रधान

**नाराजगी**

- सदर विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** सदर विधायक अनिल प्रधान ने बीते दिन विधानसभा में जनहित के साथ स्थानीय मुद्दे भी उठाए। उन्होंने पूछा कि जिले के पूर्व बीएसए के खिलाफ एक साल से जांच चल रही है, कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की गई।



विधानसभा में बोलते सदर विधायक। अमृत विचार

सपा विधायक ने कहा कि लगभग 600 दिनों से शिक्षा विभाग में चयनित अभ्यर्थी इको गार्डन में धरने पर बैठे हैं। इन 68 सौ युवाओं को कब नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। शिक्षकों के अंतर्जनपदीय एवं पारस्परिक स्थानांतरण पर कब कार्रवाई की जाएगी। अनिल ने कहा कि अगस्त 23 में शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया गया था लेकिन अभी तक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा कि चित्रकूट के पूर्व बीएसए के खिलाफ पिछले सत्र में मंत्री ने कार्रवाई की बात कही थी पर अब तक नहीं की गई। उन्होंने सदन में स्थानीय निर्माण कार्य और अन्य मुद्दे भी रखे। विधायक ने नियम 51 के तहत श्रम विभाग का मुद्दा भी उठाया। कहा कि जिले में वित्तीय वर्ष 23-24 में लगभग 5200 विभिन्न योजनाओं की पत्रावलियों में से 5000 को निरस्त किया जा चुका है। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त एवं उप श्रमायुक्त बांदा के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को अवगत कराया गया है।

**जमीन अधिग्रहण मामले को भी उठाया**

सदर विधायक ने किसानों की जमीन अधिग्रहण का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि पहाड़ी ब्लाक के पथरामानी, नोनार, बक्टा बुजुर्ग, प्रसिद्धपुर आदि गांवों की उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। ऐसे में जमीन का मुआवजा पुराने सर्किट रेट की जगह वर्तमान आधार पर रेट तय किया जाए। विधायक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को भी पत्र देकर अवगत कराया है।

# जिले में बहुतायत में जारी हुए फर्जी प्रमाण-पत्र: राजनारायण



राजनारायण।

**चित्रकूट, अमृत विचार :** चित्रकूट विकलांग सेवा संस्थान के निदेशक राजनारायण सिंह एडवोकेट ने आरोप लगाया कि रोडवेज की बसों में दिव्यांगों को परिचालकों द्वारा अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिले में बहुतायत में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं।

संस्था की गोकुलपुरी मुहल्ले में हुई बैठक में राजनारायण ने कहा कि जिले में श्रवणबाधित, कमर से दिव्यांग आदि के संबंध में बहुत ज्यादा फर्जी प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। यही वजह है कि रोडवेज बसों में दिव्यांगों को परिचालकों द्वारा परेशान और अपमानित किया जाता है। वास्तविक दिव्यांगों को भी संदेह की नजरों से देखा जाता है। बैठक में दिव्यांगों ने प्रशासन से मांग की कि दिव्यांग प्रमाणपत्रों की जांच कराई जाए, जिससे फर्जी लोगों का पता चल सके, जो सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं।


# मानव शक्ति बढ़ाकर लाएं कार्य में तेजी

## जिलाधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का मुआयना, अफसरों को दिए निर्देश

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने देवांगना घाटी के पास बन रहे अंतर्राज्यीय द्वार का औचक मुआयना किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानवशक्ति बढ़ाकर काम में तेजी से लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देशित किया कि गेट पर उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत के लिए स्टील या पत्थर का ही बोर्ड बनवाएं। उन्होंने सहायक अभियंता को निर्माण सामग्री का सत्यापन करने को कहा। डीएम ने पटेल तिराहे से लेकर मध्य प्रदेश की सीमा तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण काम को भी देखा। एक्सईएन प्रांतीय खंड को निर्देश दिए कि पेड़ काटे जाने के बाद जिस तय जगह पर



मुआयना करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

पौधरोपण करना है, उसकी फोटो भी दें। डिवाइडर में आ रहे पेड़ों को छोड़ दें। डीएम ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के लिए जिससे सहमति नहीं बनी है, जल्द से जल्द भेजें। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड बांदा द्वारा बाणगंगा नदी पर बनाए जा रहे पुल के मुआयने के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि किनारे-किनारे वाल/एंगल लगवाएं, जिससे दुर्घटना न हों। पुल का इस्टीमेट साइट पर न लाने पर नाराज डीएम ने परियोजना प्रबंधक व सहायक अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिए। डीएम ने गुणवत्ता को भी देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यों को पूरा करने में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गनीवां थाने के लिए चिह्नित की गई जमीन

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कई गांवों में चौपाल लगाई और लोगों को बिना डरे वोट डालने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने ग्राम पंचायत व्यास बन्ना में गौशाला तथा नाली, खंडजा आदि कामों का भी निरीक्षण किया। बताया कि गनीवां थाने के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है।

एसडीएम ने ग्राम प्रधानों को गौशालाओं का संचालन पारदर्शिता से कराने के निर्देश दिए। आगाह किया कि ग्राम विकास के लिए आवंटित धन को पारदर्शिता के साथ उपयोग करें। कहा कि यदि किसी ग्राम पंचायत में मानकविहीन कार्य पाया गया तो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। चौपाल में गौ संरक्षण, निर्विवाद उतराधिकार, तालाब,



जमीन के संबंध में जानकारी लेते एसडीएम। अमृत विचार

सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, कुपोषण, हदबंदी निस्तारण, जल जीवन मिशन की प्रगति, निःशुल्क खद्यान वितरण आदि पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब बनाना व बेचना दंडनीय अपराध है। उन्होंने असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में गनीवां थाने के लिए करीब तीन बीघे जमीन चिह्नित कर ली गई है और जल्द ही आवंटित कर दी जाएगी। व्यास बन्ना के ग्रामीणों ने कोटेदार द्वारा घटतौली की शिकायत की। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान केदार तिवारी, रामकिशोर मिश्रा, अजीत मिश्रा, लवकुश शुक्ला, शैलेंद्र, संतोष, ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल शारदा संगम आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में चित्रकूट जिले की पुलिस फिर रही अव्वल

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जनसुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण में चित्रकूट जिले की पुलिस एक बार फिर अव्वल रही। जनवरी 2024 में प्राप्त संदर्भों एवं उनके निस्तारण के संबंध में की गई समीक्षा में चित्रकूट पुलिस को प्रदेश के सभी जिलों में से प्रथम स्थान मिला है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी आईजीआरएस एवं प्रभारी प्रदीप कुमार यादव सहित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शाखा के आरक्षी मानवेंद्र सिंह, अनीशा बानो, आरक्षी मीरा यादव ने तथा थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिसकर्मियों ने कड़ी मेहनत कर ऑनलाइन फीडिंग की एवं निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे चित्रकूट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बताय कि सभी संदर्भों की ऑनलाइन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में चित्रकूट के सभी 12 थानों में से नौ थाने पहले स्थान पर आए। असंतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 0.87 फीसदी है।

### श्री राम कथा में शिव-पार्वती चरित्र का कराया रसपान

**पौथिया (हमीरपुर), अमृत विचार :** सुमेरपुर विकास खंड क्षेत्र के सहुरापुर गांव में श्री राम जानकी मंदिर में सात दिवसीय राम कथा के अंतिम दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक पं. श्रीकांत शुक्ला ने सुदामा चरित्र एवं शिव-पार्वती चरित्र का रसपान कराया। उन्होंने बताया कि श्री राम कथा हर समस्या के समाधान की कथा है जिसे हर व्यक्ति को जीवन में उतारना चाहिए। शिव-पार्वती के विवाह की कथा सुन करपंडाल में उपस्थित महिलाएं व पुरुष भाव-विभोर हो गए। कथा के दौरान बीच-बीच में मनोहर गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार को हवन-पूजन किया जाएगा। शुक्रवार को कन्या भोज के बाद भंडारे का आयोजन होगा जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्ला चंदेल, सूरज पाल सिंह, ब्रजभान सिंह, लाखन सिंह रामबाबू सिंह, राम बिहारी सिंह, रामबहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह आदि का सहयोग रहेगा।

# कार्रवाई के नाम पर बीएसए आफिस में हो रहा पक्षपात

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बीएसए आफिस में शिक्षकों से कार्रवाई के नाम पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने बीएसए को भी तथ्यपरक जानकारी दी हैं और अनुरोध किया है कि कार्रवाई में सभी को एक समान भाव से देखें और प्रत्यावेदनों का समयबद्ध निस्तारण करें।

शिक्षक नेता ने कहा कि वैसे तो पचास से अधिक आदेश हैं, जिन शिक्षकों पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की असीम कृपा बरसी है और उनकी कार्रवाई आदेश-प्रत्यावेदन के 15 दिन के अंदर ही बहाल कर दी गई। कई शिक्षकों के प्रत्यावेदन साल भर से अधिक समय से निस्तारित नहीं किए गए। उन्होंने सवाल किया कि इन शिक्षकों से पता नहीं बीएसए को क्या नाराजगी है और जिनका प्रत्यावेदन संज्ञान में लेकर एक माह के अंदर कार्रवाई बहाल कर दी गई, उनके साथ ऐसा क्या रिश्ता है। पांडेय ने इस संबंध में 11 उदाहरण भी बीएसए को बताए हैं। दावा किया है कि इनसे स्पष्ट है कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय मे कार्रवाई बहाली में भेदभाव व मनमानी की जा रही है। बताया कि इनमें केवल तीन शिक्षकों के प्रत्यावेदनों को खंड शिक्षाधिकारी ने अग्रसारित किया। 8 शिक्षकों के प्रत्यावेदन सीधे लिए गए। आरोप लगाया कि खंड शिक्षाधिकारी द्वारा अग्रसारित सैकडों प्रत्यावेदनों का निस्तारण नहीं किया गया। अखिलेश ने बीएसए से अनुरोध किया कि जिले के सभी शिक्षकों के प्रत्यावेदनों को बिना किसी पक्षपात के निस्तारण करें। उधर, इस संबंध में बीएसए लव प्रकाश यादव से बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने पूर्व की तरह इस बार भी कॉल रिसीव नहीं की।

## सार-संक्षेप

### आखिर कौन फैला रहा सुरक्षा गार्ड भर्ती की अफवाह

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिले में कई दिन से स्वास्थ्य विभाग में सुरक्षा गार्ड की भर्ती की अफवाह फैली है। हालांकि, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी ने ऐसी किसी भी बात से साफ इंकार किया है। उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से नियमत: एक कंपनी को इसका ठेका दे दिया गया है। बता दें कि कई दिनों से यह चर्चा चल रही है कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में 30 सिक्योरिटी गार्डों की भर्ती की जा रही है। इसमें रुपयों के लेनदेन की बातें भी चर्चा में आ रही हैं। कहा जा रहा है कि डेढ़ से दो लाख लेकर की भर्ती की जा रही है। बताया जाता है कि इसमें सीएमओ आफिस से जुड़े एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। कहा तो यहां तक जाता है कि यह शख्स पहले भी नौकरी लगवाने के नाम पर कई लोगों से पैसा ले चुका है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती और यह जांच का विषय है। उधर, इस संबंध में जब सीएमओ से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नियमत: जेम पोर्टल के माध्यम से एक कंपनी को सुरक्षाकर्मियों की भर्ती का ठेका दिया गया है। उसे मानक भी बता दिए गए हैं। विभाग से भर्ती से कोई लेनादेना नहीं है। अगर किसी कर्मचारी के खिलाफ पुष्ट शिकायत आएगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कंपनी द्वारा भी पैसा लेकर भर्ती किए जाने की बात सामने आई तो उसका ठेका रद्द कर नए सिरे से पुन: टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### स्पोर्ट्स-डे पर बच्चों ने खूब खेले गेम्स




बच्चों के साथ शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** तरंग इंटरनेशनल स्कूल ने बुधवार को अटल पार्क में स्पोर्ट्स डे मनाया। इसका उद्घाटन मैनेजर अंतिमा जायसवाल ने बालिका वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रधानाध्यापिका रुचि नामदेव ने बताया कि इस दौरान फुटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, खोखो, चेयर रेस, रस्सी कूद, कैरम, लूडो के साथ हिंदी और अंग्रेजी की राइटिंग प्रतियोगिता हुई। सभी बच्चों ने इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सभी को प्रमाणपत्र व पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर शिक्षिका सविता, बबिता, कल्पना, निशी, महक, सोनिका, ज्योति, मामू, राजकुमार, देवरती, लखन आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** रैपुरा थाने के एसआई अरविंद कुमार सिंह व आरक्षी नन्हे यादव ने वांछित आरोपी सद्दाम हुसैन पुत्र स्व. अजीज अली निवासी पहाड़ी को पकड़ा। पहाड़ी थाने के एसआई मातादीन व आरक्षी विकेश मौर्य ने वारंटी रामचरण यादव पुत्र प्रेमचंद यादव निवासी बारामाफी को गिरफ्तार किया।

# तीसरी बेटी की ज्वाइनिंग की खुशी नहीं देख पाए महेंद्र

**दुखद**

- सड़क दुर्घटना में मौत, व्यापारियों में शोक की लहर
- पुरानी कोतवाली के पास तेज रफ्तार बाइक से हुई भिड़ंत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** व्यापारी महेंद्र जायसवाल की सड़क दुर्घटना में मौत से उनके घर के साथ व्यापारियों, परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। उनकी सबसे छोटी बेटी की नोयडा की एक मशहूर कंपनी में इसी माह ज्वाइनिंग थी।



फाइल फोटो।

वस्त्र विक्रेता महेंद्र जायसवाल (55) पुत्र स्व. गुलाब चंद्र जायसवाल की मंगलवार को सड़क दुर्घटना में उस समय मौत हो गई, जब वह भाजपा नेता राजेश जायसवाल के दामाद अमित जायसवाल निवासी सेंधुवा (मप्र) के साथ रात लगभग आठ बजे काली देवी मंदिर में दर्शन के बाद एक कपड़े की दुकान में खरीदारी को जा रहे थे। बताया जाता है कि पुरानी कोतवाली के पास तेज गति से आ रही बाइक की इनकी बाइक से भिड़ंत हो गई। इससे बाइक चला रहे महेंद्र और अमित नीचे गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बुलेट का चालक इनको रौंदता हुआ भाग गया। सिर से हुए रक्तस्राव से गंभीर घायल महेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अमित को भी चोटें आईं। दूसरी बाइक के चालक को प्रयागराज रिफर किया गया। उधर, महेंद्र की मौत की खबर फैलते ही उनके स्टेशन रोड स्थित आवास पर भीड़ उमड़ पड़ी। हर व्यक्ति उनके अच्छे व्यवहार की चर्चा कर रहा था। भाजपा नेता राजेश जायसवाल ने बताया कि धार्मिक प्रवृत्ति के महेंद्र मंदिर में रोजाना दो घंटे भजन गाया करते थे। उनको प्यार से लोग चित्रकूट का नरेंद्र चंचल भी कहते थे। बुधवार को उनके अंतिम संस्कार में भारी भीड़ उमड़ी। मुखाग्नि उनके भतीजे जितेंद्र कुमार जायसवाल ने दी। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोआपरेटिव चेयरमैन पंकज अग्रवाल, व्यापारी नेता ओम केशरवानी, अर्पित जायसवाल, अंकित केशरवानी, महेश जायसवाल, घुनाथ प्रसाद जायसवाल, अशोक केशरवानी आदि के साथ तमाम व्यापारियों और शुभचिंतकों ने शोकसंवेदना जताई। महेंद्र की तीन बेटियां हैं, जिनमें दो विवाहित हैं। बड़ी बेटी जहां मैक्स अस्पताल दिल्ली में कार्यरत है, वहीं दूसरी बेटी बहराइच में शिक्षिका है। तीसरी बेटी की 15 फरवरी को एक टेलीकाम कंपनी में ज्वाइनिंग थी। घर में खुशियों का माहौल था कि महेंद्र के जाने से सब शोक में डूब गए। उनके निधन की खबर जैसे ही पहुंची, मातम का माहौल हो गया।

# अपने कर्मों पर रखें विश्वास तो होगी इच्छाओं की पूर्ति

**मौदहा (हमीरपुर), अमृत विचार:** कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर गुड़ाही बाजार में रविवार से शुरू हुई श्री राम कथा के चौथे दिन कथावाचक गौरांगी देवी ने श्री राम जन्म की कथा का रसपान कराया।

उन्होंने बताया कि पहले आप अपने कर्मों पर विश्वास करो फिर फल की इच्छा करो। जिसको भगवान राम की धुन लग गई, उसके लिए संसार में कुछ दुर्लभ नहीं रह जायेगा। कथा के साथ संगीतमय भजन सुन श्रद्धालु मीठी मीठी तालियों के साथ ईश्वर की आराधना में लीन दिखे। बताते चले की कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव के मौके पर



श्रीराम कथा का वाचन करतीं गौरांगी देवी।

बजरंगबली सुंदरकांड समिति एवं हजारों रामभक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष श्री राम कथा और विशाल भंडारा का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**रामायण मेला** आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में जुटे आयोजक, लोगों को मिलेगा धर्माचार्यों, विद्वानों व मानस मर्मज्ञों के ज्ञान का लाभ

# 8 को हनुमानगढ़ी के महंत करेंगे भव्य मेले का उद्घाटन

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय रामायण मेला के 51वें महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजक इसे भव्य बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। 8 मार्च को इसका उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास भी मौजूद रहेंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि इस बार रामायण मेले में धर्माचार्यों, विद्वानों, मानस मर्मज्ञों के ज्ञान का फायदा लोगों को मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अलग होंगे



अयोध्या में महंत राजू दास से मिलते राष्ट्रीय रामायण मेला के पदाधिकारी।

और नामीगिरामी कलाकारों का प्रदर्शन आकर्षण होगा। बताया कि आयोजन को अविस्मरणीय बनाने के लिए कार्यकारिणी के पदाधिकारी पूरी शिद्दत से जुटे हैं। बताया कि उन्होंने और अन्य पदाधिकारियों ने स्वयं हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास से अयोध्या जाकर भेंट की और आमंत्रण पत्र सौपा। इसे महंत ने सहर्ष स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के रामायण मेला में हिस्सा लेने की प्रबल इच्छा रही है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से अब पूर्ण होगी। उन्होंने मेले के 51वें महोत्सव को भव्य-दिव्य संपन्न कराने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, सदस्य राजाबाबू पांडेय, राजगोपाल, मंदिर के प्रमुख शरद शुक्ला मौजूद रहे।

**पांच दिवसीय होगा समारोह**

पांच दिवसीय महोत्सव 18 मार्च से शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार, इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के आने की भी संभावना है। कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि समापन अवसर के लिए अयोध्या से पूर्व सांसद एवं श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी संत डॉ. रामविलास वेदांती की स्वीकृति मिली है। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं।

# केन नदी पर पुल निर्माण की उठाई मांग

संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार :** जनपद के बैजेमऊ गांव के ग्रामीणों ने केन नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया कि जनपद बांदा के सांडी गांव जाने के लिए उन्हें लगभग 36 से 40 किमी घूम कर जाना पड़ता है।

आजाद भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में ज्ञापन में कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। यहां जगह जगह नदियों के चलते यातायात बाधित रहता है। जिसकी वजह से छात्र छात्राए शिक्षा के सुविधानुसार अध्ययन के लिए नहीं



ज्ञापन देने जाते बैजेमऊ के ग्रामीण। अमृत विचार

जा पाते है। इलाज के लिए नदियों के कारण अस्पताल की दूरियां भी बढ़ जाती है। किसानों को एक जिले से दूसरे जिले तक जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। बताया कि यही हाल जनपद के बैजेमऊ का है यहां केन नदी होने से पड़ोसी जनपद बांदा के सांडी जाने के लिए लगभग 35 से 40 किमी घूम कर जाना पड़ता है। उन्होंने जल्द केन नदी में पुल का निर्माण कराकर क्षेत्र को विकसित करने की मांग की है। इस दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### युवक ने खाया जहर

**बबेरू :** कस्बा निवासी दीपेंद्र (23) पुत्र रामानंद ने मंगलवार की शाम घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### वाहन से कुचलकर मासूम की मौत, चालक फरार

**बबेरू,अमृत विचार :** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कोर्रम गांव निवासी शिवम (2) पुत्र श्यामबाबू मंगलवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उठाकर नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि शिवम उसका इकलौता पुत्र था। अचानक हुई इस घटना से मां संगीता समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जरैली कोठी दरगाह का एक दिवसीय वार्षिक उर्स 10 को

**बांदा,अमृत विचार :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 फरवरी को पुलिस लाइन तिराहे के पास स्थित जरैली कोठी दरगाह में हजरत सैय्यद शहीद बाबा का परंपरागत एक दिवसीय उर्स मनाया जाएगा। जानकार बताते है कि दरगाह में पहली चादर पुलिस अधीक्षक या उनके प्रतिनिधि, पुलिस लाइन के किसी अधिकारी द्वारा चढ़ाई जाती रही है। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इकबाल अहमद ने बताया कि जरैली कोठी वाले सैय्यद बाबा का उर्स लगभग 151 वर्षों से हो रहा है। इस साल 10 फरवरी (शनिवार) को उर्स का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू-मुस्लिम दोनों ही धर्म के मानने वाले बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह पर माथा टेकने पहुंचेंगे। आरिफ खान ने बताया कि दरगाह परिसर में कुरआन ख्वानी होगी, दोपहर में फातेहा होगी। इसके बाद लंगर (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। रात 8 बजे महफिलें समा का आयोजन होगा।

# 20.86 लाख को खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

## जिले में 10 फरवरी से शुरू होगा सामूहिक दवा सेवन अभियान

## बनीं 1814 टीमें, सीफार की अगुवाई में हुई मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, बांदा



कार्यशाला को संबोधित करती जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार।

**अमृत विचार:** सीफार की अगुवाई में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अभियान की रूपरेखा बताई। बताया कि पूरे जिले में 10 से 28 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लगभग 20.86 लाख लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे। कहा कि मीडिया के जरिए उपयोगी सूचनाएं पहुंचाने से लोगों के व्यवहार में निश्चित ही परिवर्तन आएगा। फाइरेलिया जैसी बीमारी के उन्मूलन में मीडिया की अहम भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जन-जन तक फाइलेरिया उन्मूलन का संदेश पहुंचाया जाए।

रोडवेज बस स्टैंट स्थित होटल में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। सीएमओ डॉ. एके श्रीवास्तव ने कहा कि 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे। इस अभियान में लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी अल्बेंडाजोल व आईवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरएन प्रसाद ने अभियान में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और जनसमुदाय से अपील की कि जब भी आशा कार्यकर्ता व उनकी सहयोगी दवा खिलाने जाएं तो उनका सहयोग करें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ.मुकेश पहाड़ी ने बताया जिले में हाथीपांव के 732 मरीजों को मार्बिडिटी मैनेजमेंट किट बांटा जाना है जिसमें से 693 लोगों को किट बांटे जा चुके हैं। पाथ संस्था के प्रोग्राम मैनेजर डॉ.रविराज सिंह ने पीपीटी के जरिए बताया कि जिले में 20.86 लाख की जनसंख्या को अभियान के दौरान दवा खिलाई जाएगी, इसके लिए 1814 टीम बनाई गई हैं। इस दौरान फाइलेरिया पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक असर अब्बास ने बीमारी की रोकथाम में सामुदायिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

### मादा मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया

जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया फाइलेरिया बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इसको सामान्यत : हाथी पांव भी कहते हैं। इसमें पैरों और हाथों में सूजन के अलावा पुरुषों में अंडकोष व महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाती है। मच्छर काटने के बाद व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण होने में 5 से 15 साल का समय लग जाता है। फाइलेरिया की यह दवा फाइलेरिया के परजीवियों को नष्ट देती है और लोगों को हाथीपांव व हाइड्रोसील जैसी बीमारियों से बचाती है। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिर दर्द, बुखार, उल्टी, बदन में चकते और खुजली जैसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं। इनसे घबराना नहीं है और आम तौर पर यह स्वत : ठीक हो जाते हैं।

# पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत न कराई तो होगी कार्रवाई

## जलजीवन मिशन योजना अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा


बैठक लेते आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल ने कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिये कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य प्रत्येक गांव में शुरू कराकर तेज गति से फरवरी माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

आयुक्त कार्यालय सभागार में जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं अधिशाषी अभियंता जलनिगम को मण्डल के जनपदों में जल-जीवन मिशन योजना अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए पेयजल के लिए कनेक्शन दिये जाने तथा पाइपलाइन बिछाने के बाद तोड़ी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में फरवरी माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने जनपद बांदा में अवशेष 2171, हमीरपुर में 2005 व महोबा में 2208 तथा चित्रकूट में अवशेष पेयजल कनेक्शन दिये जाने का कार्य 15 फरवरी तक किये जाने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने हमीरपुर में ओएसटी का कार्य भी जल्द पूर्ण किये जाने तथा चित्रकूट जनपद में अवशेष पानी टंकियों के निर्माण का कार्य भी फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को सड़क मरम्मत करने के कार्य की क्रॉस चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि मण्डल के सभी जनपदों में शुद्ध पेयजल के लिए पानी का कनेक्शन दिया जाए और सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाने की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्राप्त कर प्रस्तुत की जाए। आयुक्त ने जनपद बांदा में कार्यरत संस्था एनसीसी लिमिटेड को बडोखर खुर्द, जसपुरा तथा बबेरू में खोदी गयी सड़कों को ठीक कराये जाने तथा एलएनटी को कमासिन व महुआ में सड़कों की मरम्मत का कार्य फरवरी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट, महोबा एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे चित्रकूट, महोबा व हमीरपुर तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जलनिगम के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

### पति से विवाद के बाद गर्भवती ने जान दी

**बांदा,अमृत विचार :** पति से विवाद होने के बाद गर्भवती युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के इटवां गांव निवासी रेखा (25) पत्नी संजय ने मंगलवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद घर पहुंचे पति ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि घटना के समय वह खेतों की तरफ चला गया था। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। उधर मृतका के भाई सोनू निवासी कर्वी ने बताया कि रेखा की शादी 15 फरवरी 23 को हुई थी, वह गर्भवती थी। घरेलू मामले को लेकर पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहा था। मंगलवार को रेखा ने लिवा जाने के लिए फोन भी किया था। सोनू का कहना है कि आए दिन हो रहे झगड़े से परेशन होकर उसकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# बुंदेलखंड में किसान के लिए बनाई जाए चीनी मिल: प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**सदर विधायक ने विधानसभा में रखी गन्ना किसानों की मांग**


विधायक प्रकाश द्विवेदी।

**अमृत विचार:** सदर विधायक ने विधानसभा में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड में चीनी मिल स्थापित किए जाने की मांग जोरदारी के साथ रखी और कहा कि इससे क्षेत्र के किसान न केवल लाभान्वित होगा, बल्कि उसकी आय भी बढ़ेगी।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बुधवार को विधानसभा में नियम 301 के अंतर्गत कहा कि बुंदेलखंड तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी चीनी मिल न होने के कारण इस क्षेत्र के खासकर बांदा, अतर्रा एवं नरैनी के किसानों को गन्ना उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और ज्यादातर किसान गन्ने से गुड़ बनाकर उसे बाजार में बेचते हैं। उन्होंने विधानसभा सत्र की कार्रवाई के दौरान यह भी कहा कि यहां के किसानों की यह मांग काफी पुरानी और महत्वपूर्ण रहीं हैं कि यहां पर चीनी मिल की स्थापना की जाए, लेकिन पूर्ववती सरकारों ने किसानों की इस मांग को कोई तवज्जों नहीं दी। जिसके कारण यहां के गन्ना किसान को उनकी उपज का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में कुल 7 जनपद है, लेकिन कहीं भी कोई चीनी मिल नहीं है। इसके अलावा गन्ना किसानों से गन्ना खरीदने के लिए भी कोई सरकारी व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं है, जिससे बुंदेलखंड के गन्ना किसानों में निराशा छाई हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में शीघ्र ही गन्ना किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए चीनी मिल की स्थापना की जाए जो कि बहुत ही आवश्यक है। चीनी मिल की स्थापना से बुंदेलखंड के गन्ना किसानों को लाभ मिलने के साथ-साथ निःसंदेह उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी और किसान खुशहाल जीवन जी सकेंगे।

# नगर पंचायत अध्यक्षों समेत कई नेता भाजपा में शामिल

**प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सीएम के साथ तिंदवारी चेयरमैन सुधा।


प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता लेने के बाद ओरन चेयरमैन लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, रजोल सिंह और नेतागण।

**अमृत विचार:** नीतियों से प्रभावित होकर विपक्षी दलों के नेता भारतीय जनता पार्टी में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक के समक्ष जिले की तिंदवारी व ओरन नगर पंचायत अध्यक्षों समेत वार्ड नंबर-1 से बसपा के जिला पंचायत सदस्य व एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव में तिंदवारी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद पर निर्दलीय चुनाव जीती सुधा साहू, ओरन नगर पंचायत से चुनाव जीते कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, वार्ड नंबर-1 से जिला पंचायत सदस्य बसपा के राजाराम विश्वकर्मा तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसपा के अरुण कुमार सिंह उर्फ रजोल ने भाजपा के राष्ट्रवाद और पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद से प्रभावित होकर बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर चेयरमैन द्वय व जिला पंचायत सदस्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में पूरे मनोयोग से जुटने की सपथ ली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित, पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह, राजेश द्विवेदी, अखिलेश श्रीवास्तव आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# अध्यक्ष पद पर अशोक व रामप्रकाश महासचिव में जीते

**इल्डर्स कमेटी ने विजयी अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों को दिए प्रमाण पत्र**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


प्रमाण पत्र दिखाते जिला अधिवक्ता संघ के विजयी पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी पदों पर प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। आखिरकार अध्यक्ष पद पर अशोक दीक्षित सीनियर और महामंत्री पद पर रामप्रकाश शिवहरे राजा ने अपने निकटतम उम्मीदवारों को पटखनी देते हुए धमाकेदार जीत दर्ज की। सामान्य उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार भूरागढ़ और कोषाध्यक्ष में बृजेश कुमार द्विवेदी ने भारी मतों से जीत दर्ज की। इल्डर्स कमेटी ने संघ भवन सभागार में विजयी अधिवक्ता पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर अशोक दीक्षित ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी द्वारिकेश यादव मंडेला को 171 वोट से मात दे दी। उन्हें 582 मत मिले। जबकि प्रतिद्वंदी मंडेला को 411 वोट मिले। धनराज सिंह को 317 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। महासचिव पद में रामप्रकाश शिवहरे राजा विजयी रहे। उन्हें 457 वोट मिले। प्रतिद्वंदी यदुनाथ सिंह 403 मत पाए। राजेश त्रिपाठी को 188, मनोज निगम लाला को 124, गोविंद त्रिपाठी 84, राममिलन पटेल को 34, शिवविलास सोनी को 16 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार द्विवेदी और सामान्य उपाध्यक्ष दिनेश कुमार भूरागढ़ ने जीत हासिल की। बुधवार को इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष अशोक अवस्थी और सदस्यों ने विजयी अध्यक्ष अशोक दीक्षित और महासचिव रामप्रकाश शिवहरे समेत अन्य सभी को प्रमाण पत्र दिए।

# तोड़फोड़ व मारपीट में तीन युवक गिरफ्तार

संवाददाता, नरैनी (बांदा), **अमृत विचार :** मुख्य मार्ग पर वाहनों को रोककर तोड़फोड़ कर वाहन चालकों के साथ मारपीट और महिला को धमकाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को पुलिस ने दबिश देकर घर से गिरफ्तार कर लिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा में अतर्रा मार्ग पर रात में लगभग 9 बजे चार पांच युवक लाठी-डंडे लेकर सड़क पर खड़े थे। यहां से निकलने वाले छोटे बड़े वाहनों को रुकवाकर वाहन चालकों के साथ गाली गलौज और मारपीट कर वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे थे। कई वाहन चालक घटना के बाद मौके से पिटकर चले गए। यही एक चार पहिया लोडर वाहन एक दुकान से सामग्री लाद रहा था। इसकी गाड़ी में भी इन युवकों ने तोड़फोड़ की तो दुकान स्वामी ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। इस घटना के बाद युवकों ने कस्बा के रामनगर निवासी रफीकुन पत्नी इदरीस के दरवाजे पर पहुंचे और अभद्रता करते हुए दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। साथ ही महिला और इसके परिवार को धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि रात में वाहनों के साथ तोड़फोड़ व मारपीट करने व महिला के साथ अभद्रता कर धमकी देने के मामले में महिला की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना में शामिल कस्बा के रामनगर निवासी परवेज, कोतवाली क्षेत्र के खरौंच गांव निवासी रंजीत तिवारी और मोतियारी गांव निवासी सौरभ मिश्रा को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बबेरू ब्लॉक में आज लगेगा दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर

बांदा

**डीएम ने समुचित व्यवस्थाएं करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा दिव्यांगजनों के प्रयोग के लिए कृतिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने की तिथि घोषित कर दी गई। बबेरू ब्लाक में गुरुवार को और बिसंडा ब्लाक में 9 फरवरी को दिव्यांगों के चिन्हांकन कैंप आयोजित होंगे। डीएम ने अधिकारियों को कैंप आयोजन के लिए समुचित व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने कहा कि दिव्यांगजनों के चिन्हींकरण शिविर में दिव्यांगजनों को दो फोटोग्राफ, दिव्यांग प्रमाण पत्र न्यूनतम 40 फीसदी के साथ आय प्रमाण पत्र जो 22 हजार 500 रुपये प्रतिमाह या इससे कम होना चाहिए। पहचान पत्र के लिए आधारकार्ड व अन्य प्रपत्र जरूरी है।

उन्होंने शिविर आयोजन के संबंध में अधिशाषी अभियंता जल निगम एवं जल संस्थान को उपयुक्त पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक एवं उप संभागीय परिवहन अधिकारी को यातायात नियंत्रण एवं अभ्यर्थियों को सुचारू रूप से आने जाने के लिए परिवहन व्यवस्था किए जाने और दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को चयनित लाभार्थियों को एडिप फार्मों में जिला प्रशासन की कार्रवाई किए जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा खंड विकास अधिकारी बबेरू एवं बिसंडा को दिव्यांगों के पंजीकरण के लिए हाल की व्यवस्था और जांच विशेषज्ञों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

# मंदिर को भी अपवित्र करने से बाज नहीं आ रहे शराबी

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**शीशियों के टूटे कांच से श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी**


सीढ़ियों के नीचे टूटी पड़ी कांच की शीशियां, बलखंडेश्वर महादेव (बाएं इनसेट में)

**अमृत विचार:** कालिंजर दुर्ग के बलखंडेश्वर महादेव के मंदिर की सीढ़ियों को शराब की बार के रूप में इस्तेमाल कर शराबी कांच की शीशियां वहीं फोड़कर चले जाते हैं, जिससे मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को इसी गंदगी से होकर निकलना पड़ता है साथ ही नंगे पैरों में कांच लगने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राचीन कालिंजर दुर्ग पर बलखंडेश्वर महादेव का भी मंदिर हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शन को जाते हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व मंदिर की पवित्रता को नष्ट करने पर तुले हुए हैं। रात के वक्त मंदिर के सूनसान हो जाने पर अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी यहां नशा करने आते हैं। मंदिर परिसर में गंदगी फैलाते हैं। पुरातत्व विभाग की उदासीनता के चलते सुबह नहा-धोकर पवित्र मन से देवाधिदेव महादेव के दर्शनों और जलाभिषेक को आने वाले श्रद्धालुओं को इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। कांच के शीशियों के नुकीले टुकड़े पड़े रहने से श्रद्धालुओं के पैरों में लगने का खतरा बना रहता है। बलखंडेश्वर महादेव में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं में पंकज सुल्लेरे, कोमल कुशवाहा, दिनेश मिश्रा सदस्य कालिंजर विकास समिति, अतुल सुल्लेरे, शीलू राज समेत नीलकंठ मंदिर के राजपुरोहित आचार्य पंडित शंकर प्रताप मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में मवेशी भी घुस आते हैं और गोबर आदि सारा दिन बदबू करता रहता है। पुरातत्व विभाग की ओर से अभी तक इस पर न तो रोक लगाने का प्रयास किया गया और न ही साफ-सफाई के लिए ही कोई प्रबंध किया गया है। सभी की मांग है कि पुरातत्व विभाग की ओर से मंदिर परिसर में साफ-सफाई के साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाए। उनका कहना है कि यह बहुत ही प्राचीन रमणीक स्थल है।

**हैरत** मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ .अनूप सिंह ने दूरबीन पद्धति से किया महिला का सफल ऑपरेशन

# डॉक्टर ने महिला के पित्ताशय से निकाली तीन सौ पथरियां

कार्यालय संवाददाता, बांदा


ऑपरेशन बाद मरीज का हालचाल जानने पहुंचे डॉ.अनूप सिंह।


सर्जरी के बाद पथरियां दिखाता मरीज का पति मैकू यादव।

**अमृत विचार:** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी डिपार्टमेंट में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अनूप सिंह ने एक महिला के गाल ब्लैडर का सफल ऑपरेशन कर के तीन सौ पथरियां निकालकर सबको हैरत में डाल दिया। इस सफल ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह उसे स्वस्थ है। महिला के परिजन डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

आपको बता दें, कि बांदा के नरैनी रोड स्थित बांधापुरवा की रहने वाली महिला सुनैना यादव (29) पत्नी मैकू यादव पिछले दो वर्षों से गाल ब्लैडर की पथरी से परेशान थी। सुनैना के परिजनों ने कई झोलाछाप डॉक्टरों को दिखाया। जब आराम नहीं मिला तो प्राइवेट अस्पतालों में भी संभावनाएं तलाशीं। प्राइवेट अस्पतालों में तीस से चालीस हजार का खर्च बताया गया। सुनैना के परिजनों के पास इतना पैसा नहीं था। तब परिजनों ने सुनैना को बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में डॉ.अनूप सिंह को दिखाया। डॉ.अनूप सिंह ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी। बुधवार को डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम ने मात्र सरकारी खर्च पर सुनैना का दूरबीन पद्धति से सफल ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद गाल ब्लैडर से निकली पथरियां गिनी गईं तो पांच से दस एमएम तक की लगभग एक सौ पचास पथरियां और लगभग इतनी ही छोटी-छोटी पथरियां निकलीं, जिसे देख हर कोई हैरत में पड़ गया। इस ऑपरेशन में सर्जन डॉ.अनूप सिंह, एसआर डॉ.सौरभ, जे आर डॉ.शिव, एनेस्थीसिया टीम से डॉ.सुशील पटेल, डॉ.प्रिया दीक्षित, डॉ.आशुतोष, डॉ.कपिल के अलावा ओटी इंचार्ज सरिता सिंह, सोनम, उमा, दिव्या, हिना, आशीष आदि शामिल रहे। इस सफल ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.एसके कौशल ने डॉ.अनूप सिंह व उनकी टीम को बधाई दी है।

### खान-पान में ध्यान देने की जरूरत: डॉ.अनूप

पथरी हो जाने के सवाल पर डॉ .अनूप सिंह ने बताया की खान-पान में गड़बड़ी और हार्मोनल डिसबैलेंस के अलावा कई तरह की लीवर संबंधी बीमारियों की वजह से पथरी हो जाती है। बचाव के सवाल पर डॉ .अनूप ने बताया कि खान-पान में ध्यान देने की जरूरत है। हाई फाइबर डाइट लें, लो कलेस्ट्रोल डाइट का इस्तेमाल करें, साथ ही नियमित व्यायाम करें। पथरी होने पर शुरुआती लक्षण के बारे में डॉ .अनूप ने बताया कि शुरुआत में गैस बनती है। लगातार एसिडिटी रहती है। अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। ऐसा होने पर मरीज को अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अक्सर मरीज की लापरवाही छोटी पथरी मरीज की नली में फंस जाती हैं, जिससे बहुत दिक्कत होती है। लंबे समय तक पथरी रहने और उसमें इन्फेक्शन हो जाने पर गाल ब्लैडर का कैंसर होने की सम्भवना बढ़ जाती है।

## एक नजर

### प्रेमनारायण द्विवेदी बने नगर अध्यक्ष



नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत करते भाजपाई।

**हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष के पद पर प्रेम नारायण द्विवेदी को नियुक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष वेदप्रकाश आर्या, आईटी के सिद्धार्थ पाठक रोहित निषाद मौजूद रहे।

### लोकेंद्र सिंह बने लेखपाल संघ के तहसील सचिव

**राठ।** उप्र लेखपाल संघ उपशाखा का चुनाव तहसील परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान रिक्त पदों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से लोकेंद्र सिंह को तहसील सचिव और मनीष कुमार को तहसील कोषाध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लेखपालों ने गले में माला पहना हर्ष जताया।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**मौदहा।** कोतवाली पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेपुरवा मोड़ के पास से पुलिस ने गुसियारी निवासी रशीद उर्फ लाला पुत्र लल्लू को 560 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### क्रिकेट मैच के दौरान विवाद युवक को किया घायल

**राठ।** औडेरा गांव निवासी प्रीतम पुत्र गोविंददास ने बताया कि वह अपने गांव में क्रिकेट मैच खेल रहा था। क्रिकेट मैच खेलने के दौरान 20 रुपये के लेनदेन को लेकर बरदा गांव निवासी रितिक से विवाद हो गया। आरोप लगाया कि रितिक ने उसे गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके सिर में ईंट मार कर उसे घायल कर दिया। इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली फाल्ट से लगी आग में ग्रामीण झुलसा

**सरीला।** चिकासी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में अचानक विद्युत फाल्ट होने से छप्पर में आग लग गई। छप्पर के नीचे बंधी दो भैंसों को छोड़ने गया 70 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं एक भैंस भी झुलस गई है। क्षेत्र के इस्लामपुर गांव निवासी निर्वेंद्र ने बताया कि घर में छप्पर के नीचे भैंसें बंधती हैं। घर में विद्युत कनेक्शन है। उसी से बिजली डोरी भी निकली है। बुधवार को अचानक विद्युत डोरी में फाल्ट हो गया और छप्पर में आग लग गई। छप्पर धू-धू कर जलने लगा। तभी जग्गू बाबा (70) ने देखा कि भैंसे बंधी हुई हैं। एक भैंस को छोड़कर दूसरी जगह बांध दी इसके बाद दूसरी भैंस को छोड़ने गया। उसी दौरान वह भैंस झुलस गई और वृद्ध भी झुलस गया। आनन फानन में परिजन निजी साधन से सीएचसी सरीला लाए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है।

# मरम्मत सेवा केंद्र स्थापित कर सकेंगे बेरोजगार

**हमीरपुर, अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक हरी शंकर भार्गव ने बताया कि सोलर पम्प की स्थापना /अनुरक्षण के लिए तकनीकी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प मैकेनिकों का प्रशिक्षण राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, रहमान खेड़ा लखनऊ में कराया जाना प्रस्तावित हैं। यह प्रशिक्षण सात घंटे प्रतिदिन जो कि 40 कार्य दिवसों का होगा।

योजनान्तर्गत प्रत्येक तहसील से एक-एक प्रशिक्षणार्थी का चयन किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षणार्थी इलेक्ट्रीशियन/इलेक्ट्रानिक/फिटर ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई अथवा इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा एवं प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। ऐसे अभ्यर्थियों से पूर्व में 19 जनवरी को आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे जिनके आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दो फरवरी निर्धारित थी। चूंकि अभी तक कार्यालय में बहुत कम अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। इसी को लेकर 17 फरवरी तक आवेदन दे सकते हैं।

बताया कि राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ पर सोलर पंप मैकेनिकों को नवीनतम तकनीकी ज्ञानार्जन करने एवं उनकी क्षमता में अभिवृद्धि के लिए क्षमता विकास का 40 कार्य दिवसों का सफल सोलर पंप मैकेनिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और 14000 हजार का टूल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

# 2,275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा गेहूं

**हमीरपुर, अमृत विचार।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद अवधि में शासन ने बदलाव किया है। पूर्व में निर्धारित खरीद अवधि एक अप्रैल से 15 दिन पूर्व 15 मार्च से शुरू होगी जो आगामी 15 जून तक होगी। शासन ने गतवर्ष के गेहूं के समर्थन मूल्य 2125 रुपये में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

▸▸ **इस बार 15 दिन पूर्व यानी 15 मार्च से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर खरीद**



### क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदने की तैयारियां शुरू

जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए खाद्य विभाग आठ क्रय केंद्र एवं पीसीएफ के 44 एवं भारतीय खाद्य निगम के पांच क्रय केंद्र कुल 57 केंद्र अनुमोदित हैं। गेहूं बिकी के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा तथा यूपी किसान मित्र मोबाइल एप द्वारा भी पंजीकरण किया/कराया जा सकता है। धान खरीद वर्ष 2023-24 में किसानों द्वारा किए गए पंजीकरण को गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 में प्रयुक्त किया जाएगा। कृषकों द्वारा पंजीकरण के समय अपना आधार नंबर दर्ज करने पर धान खरीद वर्ष 2023-24 में दर्ज किए गए विवरण को गेहूं पंजीकरण के लिए उपलब्ध कराया गया है। कृषकों द्वारा इस पंजीकरण में संशोधन करने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यदि कृषक संशोधन नहीं करना चाहता है तो पंजीकरण लॉक कर सकेगा। कृषक द्वारा दर्ज किए गए मो नंबर पर ओटीपी प्रेषित की जाएगी और इस ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण लॉक होगा। पोर्टल पर बटाईदारों से भी खरीद के पंजीकरण की व्यवस्था है। किसान अपनी कम्प्यूटराईज्ड खतौनी का खाता संख्या किसान पंजीकरण में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोए गए गेहूं के रकबे को अंकित करेंगे तथा अपनी हिस्सेदारी की सही-सही घोषणा पंजीकरण में करेंगे। किसान के वृद्ध/असहाय होने की दशा में पंजीकरण कराते समय अपना नॉमिनी अवश्य नामित कराएं।

गेहूं खरीद में कृषकों के आधार सीडेड (लिंक) बैंक खातों में ही भुगतान हो सकेगा। बैंक खातों के सत्यापन के लिए एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) की सेवाएं ली जाती हैं। यदि एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उसके सबसे लेटेस्ट आधार अपडेटेड बैंक खाते में ही भुगतान जाएगा। कृषक का खाता इनवैलिड/रिजेक्ट होने की दशा में कृषक को संबंधित बैंक में जाकर अपना आधार लिंक कराना पड़ेगा तथा यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि बैंक द्वारा एनपीसीआई मैपर को अपडेट कर दिया जाए। पंजीकरण कराने के बाद किसान अपना गेहूं मानक के अनुरूप अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर विक्रय के लिए 15 मार्च 2024 से ले जाएं और न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ प्राप्त करें। किसान किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नं 1800-1800-150 या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

# अनियंत्रित स्कूटी रेलिंग से टकराई, एक की मौत

### ▶ अरतरा रेल लाइन क्रॉसिंग के अंडरपास ब्रिज के निकट की घटना

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंगलवार देर रात कस्बे से गांव परछछ जा रहे रोजगार सेवक/ प्रधान पिता व एक अन्य सवार की स्कूटी अनियंत्रित होकर रेलवे लाइन के अंडर पास की ओर न जाकर सीधे रेल लाइन क्रासिंग की रेलिंग से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां रोजगार सेवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी रोजगार सेवक/ प्रधान पिता राजनारायण गौतम (49) पुत्र रामस्वरूप और ग्राम चकदहा निवासी लेबर सप्लायर अवधेश पुत्र सुखदेव मंगलवार की देर रात मौदहा से स्कूटी पर सवार होकर गांव परछछ जा रहे थे।



मृतक राजनरायन।

तभी अनियंत्रित स्कूटी अरतरा रेल लाइन क्रॉसिंग के अंडरपास ब्रिज के निकट सीधे रेल लाइन की बंद क्रासिंग की रेलिंग से टकरा गए। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं दूसरी गाड़ी में पीछे चल रहे राजनारायण गौतम के भाई ने अपने सहयोगियों के साथ दोनों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर राजनारायण गौतम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल अवधेश का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अवधेश लेबर सप्लाई करने का काम करता था। परछछ में इस समय नाला बनाने का काम किया जा रहा है। जिसमें अवधेश ने अपनी लेबर लगाई हुई थी मृतक राजनारायण गौतम की पुत्री अंशिका परछ ग्राम पंचायत से दूसरी बार ग्राम प्रधान चुनी गई हैं। ग्राम पंचायत के अधिकांश काम उनके पिता राजनारायण और चाचा परशुराम ही देखते थे। जिसके चलते ठेकेदार उनके साथ गांव जा रहा था। ग्राम प्रधान के पिता की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोते बिलखते छोड़ गए। एक बेटा जो बाहर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करता है दो बेटियों में एक की शादी हुई है। जबकि दूसरी अविवाहित गांव प्रधान है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा।** सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

कानपुर के किदवई नगर निवासी हिमांशु शर्मा (33) पुत्र राकेश कुमार नेशनल हाईवे में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां युवक को गंभीर चोटों के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। फिलहाल युवक को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### युवा अधिवक्ता की सड़क दुर्घटना में मौत

**हमीरपुर, अमृत विचार।** मंगलवार की रात हमीरपुर-राठ रोड़ पर छानी और स्वास गांव के बीच भोला ढाबा के पास बाइक सवारों को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे एक मृत घोषित कर दिया।

बिवांर कस्बा निवासी अभिषेक पाठक (24) पुत्र ओमप्रकाश पाठक हमीरपुर न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस करते थे। मंगलवार को देर शाम वह अपने मित्र प्रदीप (27)पुत्र उदयभान निवासी ग्राम बल्लाय थाना खरेला जनपद महोबा के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। तभी हमीरपुर राठ रोड पर छानी व स्वासा गांव के बीच भोला ढाबा के पास अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल प्रदीप का उपचार चल रहा है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और अविवाहित था। बिवांर थाना प्रभारी राकेश सरोज ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है। बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

उधर हमीरपुर अधिवक्ता संघ ने अपने साथी अधिवक्ता की मौत पर बुधवार को अधिवक्ता सभागार में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही पूरे दिन न्यायालय कार्यों से विरत रहे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महामंत्री एड. देवीप्रसाद शुक्ल, अध्यक्ष एड.फूल सिंह कुशवाहा समेत सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिपं सदस्य ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते दुष्यंत सिंह परिहार।

**हमीरपुर।** जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार के रूप में गुलदस्ता भेंट किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इंगोहटा सीट से जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री के अबकी बार 400 पार के नारे के साथ समर्थकों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कराया। दुष्यंत सिंह परिहार का यमुना पुल में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### मृत्युंजय प्रताप सिंह ने ली भाजपा की सदस्यता



मृत्युंजय प्रताप सिंह को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

**राठ।** समाजपार्टी से इस्तीफा देने के बाद बैंदो पनवाड़ी सीट से जिला पंचायत सदस्य महोबा पूर्व विधायक के पुत्र मृत्युंजय प्रताप सिंह ने बुधवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। गौरतलब है कि 24 साल से समाजवादी पार्टी में रही पूर्व विधायक डा .अम्बेश कुमारी ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मां के इस्तीफा देने पर बेटे मृत्युंजय प्रताप सिंह ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बुधवार को लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थित में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मृत्युंजय प्रताप सिंह सनी ने कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने का काम करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा में जंगल राज कायम कर रखा है। जिसका अंत मोदी जी करेंगे।

### भाजपा पिछड़ों दलितों की घोर विरोधी : इदरीश खान

**सुमेरपुर।** सपा पार्टी पीडीए पखवाड़ा के तहत गांव गांव जाकर चौपाल का आयोजन करके दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को एकजुट करने की मुहिम चला रही है। बुधवार को बिदोखर मेदनी में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के हकों पर डाका डाल रही है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति ने कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के साथ किसान विरोधी है। पिछड़ा वर्ग सभा के प्रांतीय सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने कहा कि यह समय सभी को एकजुट होकर संघर्ष करने का है। इस मौके पर ग्राम प्रधान लालाराम यादव, सलीम खान, नीलू यादव, मुशाहिद बेग, महावीर प्रजापति, परशुराम प्रजापति, रामभजन खंगार, रामसिंह नामदेव आदि सपाई मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को बताई सपा सरकार की उपलब्धियां



चौपाल के दौरान पीडीए का पोस्टर दिखाते ग्रामीण।

**राठ।** समाजवादी पार्टी के चलाए जा रहे पीडीए पखवाड़े के तहत सरसेड़ा, बहगांव, धनौरी में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पूर्व मंत्री रामाधार सिंह लोधी के पुत्र जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। कहा कि भाजपा सरकार प्रजातंत्र को खत्म करके राजतंत्र को लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हमें आप सबको संविधान बचाना है। चौपाल के दौरान डा. कमलेश लोधी ने कहा कि हम सब की हितैषी समाजवादी पार्टी है। भाजपा हराओ इंडिया गठबंधन को लाओ। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को समाजवादी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई गई। इस मौके पर रामस्वरूप किसान, जमुना प्रसाद पाल, अमर सिंह लोधी, घनश्याम नामदेव, जंगबहादुर श्रीवास, हीरा रैकवार, जयराम पासवान, छोटे खान समेत अनेक ग्रामीण रहे।

### रामलीला में हवाई फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थानाक्षेत्र के पतरिया डेरा में लगभग एक माह पहले रामलीला के आयोजन में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में आरोपी शातिर अपराधी को पुलिस ने रिमांड पर लेकर फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया है। थानाध्यक्ष जलालपुर सभाजीत सिंह पटेल ने बताया कि क्षेत्र के पतरिया डेरा गांव के बजरंग आश्रम में रामलीला का आयोजन चल रहा था। एक जनवरी को आयोजन के दौरान कार सवार युवकों ने दहशत फैलाने की मंशा से हवाई फायरिंग की थी। बताया कि मामले में रिंकू उर्फ डूंग राजपूत निवासी महेरा थाना बिवांर आरोपी था। रिंकू उर्फ डूंग शातिर अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना बिवांर में दो, मुस्करा में तीन, जलालपुर में तीन व महोबा जनपद के श्रीनगर थाने में मारपीट गैंगस्टर एक्ट आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न मामले दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध सभी थानों में लगभग एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। कुछ दिन बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। न्यायालय से रिमांड पर लेने के बाद आरोपी की निशानदेही पर पतरिया डेरा में हवाई फायरिंग में प्रयुक्त देसी तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

# 57 ग्राम पंचायतों में बढ़ेगा भूजल का स्तर



अटल भूजल योजना के संबंध में बैठक लेते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

**हमीरपुर, अमृत विचार।** अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद में सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा व सरीला विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इन चयनित ग्राम पंचायतों में योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण को बढ़ावा देकर भूजल स्तर को बढ़ावा दिया जाना है। इसके अंतर्गत सभी संबंधित विभागों का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा। अटल भूजल योजना के संबंध में ग्राम विकास, उद्यान पंचायती राज, सिंचाई विभाग, भूमि संरक्षण सहित संबंधी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति समयबद्ध तरीके से शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए अटल भूजल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे।

# बलिदानी परिवारों के वंशजों को पेंशन देने की मांग

**हमीरपुर, अमृत विचार।** आजादी की पहली लड़ाई में शहीद पीड़ित और बलिदानी परिवारों के वंशजों को 1867 स्वतंत्र सेनानी पेंशन और मान-सम्मान लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को अल हिन्द पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से सम्बोधित दस सूत्री मांग पत्र अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपा है।

अल हिन्द पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज वर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने 1857 के प्रत्येक शहीदी पंडित और बलिदानी परिवारों के आज के वंशजों को 1857 स्वतंत्र सेनानी पेंशन और मान-सम्मान तुरन्त लागू करने, 1857-58 में जिन गांव को अंग्रेजो ने जलाया, लूटा, उजाडा और तोपों से नष्ट किया था उनको 1857 शहीदी गाँव घोषित करके शहीद भगत सिंह के गांव खटकर कला की तरह एक अरब रुपये देकर दोबारा बसाए जाने, प्रत्येक शहीद पीड़ित और बलिदानी परिवार को दस दस करोड़ का मुआवजा केंद्र और राज्य से दिलाए जाने, जिनकी जमीने 1857-58 में छीनी और लूटी है उनको वापस दिया जाए अथवा उसकी आज की कीमत दिलाने सहित अन्य मांग शामिल है। इस दौरान रामकिशोर, राजाराम, रागनी सिंह, रानी, भरत, प्यारेलाल, सुदर्शन सिंह आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# बीएसए ने परिषदीय विद्यालयों के बूथों का किया निरीक्षण



परिषदीय विद्यालयों के बूथों का निरीक्षण करते बीएसए। अमृत विचार

सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बुधवार को परिषदीय विद्यालयों में बनने वाले बूथों का निरीक्षण करके पानी, बिजली, साफ सफाई के साथ रैंप आदि का निरीक्षण किया।

## सक्रियता

▸▸ **चुनाव के मद्देनजर सभी सुविधाएं की जा रहीं दुरुस्त**

प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कील कांटा दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय की निर्देश पर बुधवार को बीएसए आलोक सिंह ने कंपोजिट विद्यालय पारा ओझी, प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय मकरांव का निरीक्षण करके पानी, बिजली, साफ सफाई के साथ दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप आदि का अवलोकन किया और प्रधानाध्यापकों को समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की निर्देश दिए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी को 7 वर्ष की जेल

**हमीरपुर, अमृत विचार।** गैर इरादतन हत्या के 10 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश (द.प्र.क्षे) पीके जयंत की अदालत ने दोषी को सात वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार का अर्थदंड लगाया है।



अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद महोबा थाना क्षेत्र कुलपहाड़ के बेलाताल निवासी पीड़ित पिता लल्लन ने आठ अक्तूबर 2013 को राठ थाने में दी तहरीर में बताया कि सात अक्तूबर 2013 को उसका पुत्र रहीम एक बारात के निमंत्रण में राठ कस्बा आया था। जो रात करीब सवा 11 बजे भारतीय स्टेट बैंक के सामने सड़क पर खड़ा था। तभी दोषी सलमान उर्फ सल्लू निवासी जोगियाना राठ ने तमंचा से उसकी कनपटी में सटाकर गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बताया कि घटना के समय सईद निवासी बेलाताल व मुजीम ने घटना देखी है। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (द.प्र.क्षे) की अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर हत्या के मामले को गैर इरादतन हत्या में तरमीम करते हुए दोषी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई है।

## पड़ताल

### गौशाला में अव्यवस्था की शिकायत पर पहुंचे बीडीओ व पशु चिकित्सक

# कीचड़ मिलने पर शुरू कराया मिट्टी डालने का काम

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत भैंसापाली की गौशाला में अव्यवस्था की शिकायत गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ से की। इस पर पशु चिकित्सा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में बारिश में जलभराव से कीचड़ होने पर आनन फानन मिट्टी डलवाने का काम कराया गया। साथ ही मौके पर भूसा की उपलब्धता पाई गई।

भैंसापाली गांव निवासी गौ रक्षा दल सदस्य राजा बाबू कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह सोमवार को गांव की गौशाला गया था। जहां दो गाय मरी पड़ी हुई थी, जिन्हें खुले में फेंका जा रहा था। इस पर उसने गड्ढे में दफनाने की बात कही। तो ग्राम प्रधान के कार्यकर्ता उसके साथ अभद्रता करने लगे। जिसकी शिकायत उसने गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष निशांत त्रिपाठी से की। मंगलवार को गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष अपनी टीम के साथ गौशाला पहुंचे। जहां अव्यवस्था देख उन्होंने खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता से शिकायत की। शिकायत पर बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता व पशु चिकित्सा अधिकारी सोनम दीक्षित ने देखा कि गौशाला में दलदल वाली जगह में मिट्टी डालने का काम हो रहा है। पशुओं के खाने के लिए भूसा उपलब्ध पाया गया। बीडीओ विपिन गुप्ता ने बताया कि दो दिन पूर्व बरसात होने से गौशाला में जलभराव से कीचड़ होने पर अव्यवस्था हुई है। प्रधान किरन व सचिव विकास चौधरी को निर्देशित कर गौशाला में मिट्टी डलवाने डलवाई जा रही है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.सोनम दीक्षित ने बताया कि गौशाला में 128 पशु संरक्षित हैं।



गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### सपा महिला सभा की अभिलाषा कुशवाहा बनी जिला उपाध्यक्ष

**महोबा।** समाजवादी पार्टी महिला सभा जिलाध्यक्ष द्वारा अभिलाषा कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला उपाध्यक्ष बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने अभिलाशा कुशवाहा का फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कराया गया। जिलाध्यक्ष अवध किशोरी यादव ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव की संस्तुति के बाद जिला उपाध्यक्ष पद के लिए नगर पंचायत कबरई चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक कुशवाहा की पत्नी अभिलाषा कुशवाहा को मनोनीत किया गया है।

### सुमेरपुर के कार्तिक गुप्ता ने टेबल टेनिस के विजेता बने

**हमीरपुर।** बुंदेलखंड कल्प हमीर महोत्सव के दौरान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सुमेरपुर निवासी कार्तिक गुप्ता को विजेता घोषित किया गया। दो दिवसीय बुंदेलखंड कल्प हमीर महोत्सव के दौरान जनपद स्तर पर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, कला, गायन, वादन एवं कीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कीड़ा प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सुमेरपुर निवासी दिग्विजय कान्वेंट में आठवीं कक्षा के छात्र कार्तिक गुप्ता ने महोत्सव के दौरान खुली टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और विजेता घोषित किए गए। कार्तिक गुप्ता को जिलाधिकारी राहुल पांडेय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्तिक गुप्ता की इस उपलब्धि पर दिग्विजय कान्वेंट की प्राचार्या सुमन सिंह एवं शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

### एडीएम पद पर स्थानांतरित अयोध्या धाम गए राजेश मिश्रा

**मौदहा (हमीरपुर)।** यहां तैनात रहे उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा की प्रोन्नति अपर जिलाधिकारी पद पर होने से उनका स्थानांतरण अयोध्या धाम के लिए शासन स्तर से हो गया है। बीती देर शाम उनका विदाई समारोह हुआ। जिसमें उनके अधीनस्थों व समाजसेवियों ने उनके कार्य की प्रशंसा की। वह अपना कार्यभार यहां के न्यायिक एसडीएम राजेश चंद्रपाल को दे गए हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी पद पर कार्य करना शुरू कर दिया है। राजेश कुमार मिश्रा यहां पिछले साल 11 फरवरी को आए थे। उनके कार्यकाल में विभिन्न पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुए।

### राष्ट्रीय मानवता सेवा अवार्ड से नवाज़ा जाएगा जिरगाम को

**हमीरपुर।** मानवता की सेवा में अग्रणी संस्था कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन पिछले 8 वर्षों से काम कर रही है। संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी ने बताया राजस्थान के श्री गंगानगर में उन्हें राष्ट्रीय सेवा अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। 9 फरवरी को मोती पैलेस में किया जा रहा है। कार्यक्रम को हेल्प इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक विनोद राजपूत करा रहे हैं। बताया कि इस नेशनल प्रोग्राम में देश-विदेश के लगभग 130 सोशल वर्कर को नेशनल ह्यूमैनिटी अवार्ड 2024 से सम्मानित होंगे।

# बुंदेलखंड गौरव महोत्सव को लेकर जिले में जोरशोर से चल रहीं तैयारियां

## मशहूर कलाकारों द्वारा दो दिन तक गीत संगीत की प्रस्तुति से लोगों का कराया जाएगा मनोरंजन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**आयोजन**

- बाहर से आई कंपनी द्वारा मंच तैयार करने से लेकर टेंट लगाने तक का किया जा रहा काम
- 9 फरवरी से की जाएगी दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की शुरूआत

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित होने वाले गौरव महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं।

शहर के डाकबंगला मैदान और कीरत सागर तट पर होने वाले सांस्कृति व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के मद्देनजर बांस बल्ली, टेंट, बैरिकेडिंग लगने का काम शुरू हो गया है। बाहर से आई कंपनी द्वारा टेंट लगाने से लेकर मंच को तैयार करने की काम किया जा रहा है। यहां पर लगाए गए श्रमिक दिन रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। एंकर भी बाहर से बुलाए गए हैं, जो कार्यक्रम को बेहतर बनाने का भरसक प्रयास करेंगे। दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की शुरूआत 9 फरवरी से की जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियां चल रही हैं, यहां पर लगाए गए श्रमिक अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। कीरत सागर झील में वाटर स्पोर्ट कार्यक्रम को लेकर यहां के लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। नौकायन के समय किसी भी तरह की असुविधा न हो सके इस गरज से झील में साफ सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कीरत सागर तट पर होने वाले योगा कार्यक्रम को लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं मोदी मैदान में हॉट वैलून उड़ाए जाएंगे, जिससे मैदान को भी साफ सुथरा कराया जा रहा है।

शहर के डाक बंगला मैदान में दो दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मचने वाली धूम को लेकर इसी मैदान में सबसे ज्यादा तामझाम फैला हुआ है। बाहर से आए टेंट और मंच बनाने का सामान मैदान में पड़ा है, जिसे सजाने के लिए श्रमिकों ने काम तेज गति से शुरू कर दिया है। स्थिति यही है कि दिन में काम करने के अलावा रात में भी काम किया जा रहा है, जिससे समय से मंच बनाकर और टेंट लगाकर उसे तैयार किया जा सके।

इतना ही नहीं बाहरी कलाकारों को ठहरने और उनके खानपान के भी बेहतर व्यवस्था की गई है।



डाकबंगला मैदान में गौरव महोत्सव होती तैयारी। अमृत विचार

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव को लेकर दो दिन तक धूम मचेगी। इसी बहाने से पर्यटक स्थलों को भी कलाकारों के साथ साथ दर्शकों को भी देखने का मौका मिल सकेगा। रहेलिया सूर्य मंदिर पर हेरीटेज वॉक किया जाएगा, जिसके चलते सूर्य मंदिर को भी सजाया जा रहा है।

> उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के निर्देश पर पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ साथ बुंदेली कलाकारों का भी उत्साहवर्द्धन करने के अलावा उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका भी मिलेगा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के जरिए दो दिन तक जिले वासियों को मनोरंजन का मौका मिलेगा, इतना ही नहीं महोत्सव के मौके पर साहित्सकारों, कवियों व अन्य कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव के आयोजन से पर्यटन की भी संभावनाएं और अधिक बढ़ेगी।
>
> -चित्रगुप्त खरे, जिला पर्यटन अधिकारी

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## ब्लाक कबरई में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर डीएम ने जताया असंतोष

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**दिशा-निर्देश**

- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी नें सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए एवं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टीबी मरीजों से फोन के माध्यम से वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा चरखारी की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।



एएनएम को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस सामग्री किट। अमृत विचार

उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सी.एच.ओ. एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एएनएम को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस सामग्री किट वितरित की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चैहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पेंशन अदालत में होगा समस्याओं का निस्तारण




**महोबा।** चित्रकूट धाम मंडल के कमिश्नर की अध्यक्षता में 1 मार्च को सुबह 11 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापक और कर्मचारियों के लंबित देयकों संबन्ध में पूर्व की भांति आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत संबन्धित वाद पत्र, प्रत्यावेदन, निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियां तथा जनसुवाई से संबन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय में अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूट धाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रुप से 12 फरवरी को शाम चार बजे तक डाक द्वारा प्राप्त कराए जा सकते हैं, जिससे पेंशन अदालत से संबन्धित पत्र तथा जनसुनवाई से संबन्धित शिकायती पत्र की प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालयों को प्राप्त कराएंगे, यह जानकारी जिला सूचना अधिकारी ने दी।

# टेंपो सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल, झांसी रेफर

महोबा कार्यालय

**अमृत विचार।** श्रीनगर बेलाताल मार्ग में ग्राम लमोरा के पास एक टेंपो पलट जाने से टेंपो सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक टेंपो लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में पड़े वृद्ध को 112 डायल गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। उसके सिर पर गंभीर चोटें होने के कारण जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

जिला मुख्यालय कर्वी निवासी दिलीप कमल 60 पुत्र सुखलाल कमल अपनी बहू को थाना अजनर के ग्राम मगरिया में छोड़ने गया था। बहु को गांव में छोड़ने के बाद वह टेंपो से श्रीनगर रिश्तेदारी में जा रहा था तभी श्रीनगर और बेलाताल मार्ग के बीच में ग्राम लमोरा के पास टेंपो संतुलित होकर पलट गया। टेंपो में मात्र एक सवारी थी टेंपो पलटने के बाद चालक कुछ लोगों की मदद से टेंपो सीधा करने के बाद टेंपो लेकर भाग गया, जबकि टेंपो सवार दिलीप कमल घटनास्थल पर ही बेहोश पड़ा रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को गाड़ी में लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। उपचार के बाद भी हालत में कोई सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक ने बताया कि वृद्ध के सड़क पर गिरने से सर पर गंभीर चोटें आई है। हेड इंजरी होने के कारण उसे उपचार के लिए झांसी भेज दिया गया है।



जिला अस्पताल में उपचार करता घायल वृद्ध

# बैंक खाता होल्ड होने से तमाम ग्राहक नहीं निकाल पा रहे पैसा

महोबा

- शिकायत दर्ज कराकर होल्ड किए गए खातों को चालू किए जाने की मांग

**अमृत विचार।** इण्डिय बैंक शाखा गौरहरी के तमाम ग्राहकों के खाते होल्ड हो जाने से वह बैंक के चक्कर काट रहे हैं कि उनके खाते सुचारु रुप से चल सके, लेकिन शाखा प्रबंधक की उदासीनता के चलते खातों से होल्ट मुक्त न किए जाने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना कार्य के लिए बैंक ग्राहकों को लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे परेशान होकर बैंक ग्राहकों ने उपजिलाधिकारी चरखारी को शिकायती पत्र देने के साथ साथ जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराकर होल्ड किए गए खातों चालू किए जाने की मांग उठाई है।

खाताधारक उमाशंकर, प्रहलाद, धीरेंद्र, देवी सिंह, श्यामलाल, रतीराम, संतोष कुमार, ठाकुरदास, गेंदारानी, नंदराम आदि ने बताया कि प्रधाममंत्री आवास, पेंशन सहित तमाम सरकारी योजनाओं का पैसा खातों में जमा है, लेकिन खाता होल्ड होने से जरुरत पड़ने पर उक्त पैसों का उपयोग वह नहीं कर पा रहे।

# अधिकारियों की बिना अनुमति के घर-घर से किए जा रहे गैस कनेक्शन

- गैस कनेक्शन के नाम पर एक एक हजार रुपये प्रति कनेक्शन की जा रही वसूली

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** शहर में अधिकारियों के बिना अनुमति के गैस की पाइप लाइन बिछाने और घर घर में गैस कनेक्शन किए जाने से लोग तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। घरों में गैस कनेक्शन करने वाले लोग एक हजार रुपये कनेक्शन के नाम पर वसूल रहे हैं, जबकि अभी तक कहीं पर भी एलपीजी गैस सप्लाई करने के इंतजाम नहीं किए गए हैं और न ही पूरे शहर में पाइपलाइन बिछाई गई हे।

एक स्थान पर पाइप लाइन बिछाते समय नल लाइन डेमेज हो जाने से जल संस्थान द्वारा आपत्ति करने के बाद अब पाइप लाइन बिछाना बंद कर दिया, लेकिन घर घर से एक हजार रुपये लेकर कनेक्शन किए जाने का काम जारी है। गौर तलब है कि तीन माह पहले शहर में घर घर एलपीजी गैस कनेक्शन करने का काम शुरू कर दिया गया, जबकि कहीं पर भी लाइन नहीं बिछाई गई और धडल्ले से कनेक्शन किए जा रहे हैं। घरों तक गैस की सप्लाई कैसे दिए जाएगी इस बावत कनेक्शन करने वाले कर्मी भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। अब तक शहर में दो हजार से ज्यादा लोगों के यहां गैस कनेक्शन हो चुके हैं, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम पूरी तरह से ठप पड़ा है। गैस कंपनी ने अभी तक न तो नगर पालिका से पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदने के संबन्ध में अनुमति ली और न ही जिला पूर्ति अधिकारी से किसी भी तरह की गैस कनेक्शन के बावत अनुमति ली है यहां तक की जिला पूर्ति कार्यालय को गैस लाइन बिछाए जाने के बावत कोई जानकारी तक नहीं है।

उधर उपजिलाधिकारी सदर ने भी शहर में बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन के बावत अन्यविज्ञता व्यक्त करते हुए बताया कि कौन गैस के कनेक्शन कर रहा है इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उधर डीएसओ राजीव तिवारी का कहना है कि किसी भी तरह सप्लाई किए जाने या गैस कनेक्शन करने से पहले डीएसओ कार्यालय से अनुमति ली जाती है, लेकिन यहां से भी कोई अनुमति नहीं ली गई है, फिर भी इसका पता किया जाएगा।



गैस पाइप लाइन बिछाते कर्मी। अमृत विचार

**20 लाख रुपये से ज्यादा वसूला चुकी है पैसा**

घर-घर में गैस कनेक्शन के नाम पर अब तक कनेक्शन करने वाली कंपनी लगभग 20 लाख रुपये से ज्यादा पैसा वसूल चुकी है, लेकिन लोग अभी भी कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाई जाएगी या नहीं, घरों में एलपीजी गैस सप्लाई हो सकेगी, इसे लेकर पसोपेश में है। जिले के अधिकारियों ने भी किए जा रहे गैस कनेक्शन के बावत किसी भी तरह की जानकारी न होने की बात कही है साथ ही कब सप्लाई होगी। उधर ठेकेदार का कहना है नगर पालिका में गैस लाइन सड़क खुदाई के लिए अनुमति के बावत प्रार्थना पत्र दें।

# मौसम साफ होते ही किसानों ने ली राहत की सांस, जागी उम्मीदें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मौसम साफ होते ही किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों को उम्मीद है कि अगर फरवरी माह में दोबारा किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा तो विपरीत मौसम में गड़बड़ हुई फसलों की सेहत में सुधार हो सकता है। पिछले 50 दिनों के कोहरे तथा दो बार हुई बरसात ने दलहनी, तिलहनी फसलों में विपरीत असर डाला है। सबसे ज्यादा असर मटर, मसूर, अरहर, चना एवं सरसों की फसलों पर पड़ा है। किसान राम सिंह, जागेश्वर, सीताराम सिंह, रामेश्वर, नागेंद्र सिंह, राजू यादव आदि का मानना है कि अब फरवरी माह में यदि कुछ नहीं होता है और धूप के साथ पछुवा हवाओं का साथ प्राप्त होगा तो खराब फसलों की सेहत सुधर सकती है क्योंकि अभी फूल और फल आने का पर्याप्त समय बाकी है। पूर्व एडीओ कृषि एवं प्रगतिशील कृषक रामसनेही साहू भी मानते हैं कि अगर अब मौसम में कुछ ज्यादा परिवर्तन नहीं होता है तो अब पछुआ हवा चलने और धूप पाकर फसलें सुधर सकती हैं और उत्पादन बढ़ सकता है।

# अजनार की टीम ने बुंदेला क्रिकेट क्लब को 44 रन से हराया

**महोबा कार्यालय, अमृत विचार।** ग्राम अजनर के कुरेले मैदान मे चल रहे गढा सरकार टूर्नामेन्ट मे गढा सरकार क्लब अजनर ने बुन्देला क्रिकेट क्लब बमनौरा को 44 रनो से हराया। क्रिकेट मैच देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। मैच का आनंद लेने के लिए सुबह से ही ग्रामीण मैदान में जमा हो गए। गढा सरकार क्लब अजनर ने पहले टास जीत निर्धारित 16 ओवर खेलने के बजाय13 ओवर मे ही सभी विकेट खोकर 100 रन बनाये। जवाब मे उतरी बुन्देला क्रिकेट क्लब बमनौरा 14 ओवर मे 56 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। अजनर की टीम ने 44 रन से मैच जीत लिया। अम्पायर देवेन्द्र यादव और भारत सिह रहे कमेन्ट्री लालू महाराज और बीरेन्द्र राजपूत ने को। स्कोरर रामकुमार रहे मैन आफ द सीरीज देवेन्द्र और मैन आफ द मैच हर्षित भदौरिया रहे। टूर्नामेन्ट के अध्यक्ष अवधेश राजपूत ने सभी का आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि सपा नेता विनोद राजपूत, विशिष्ठ अतिथि काँग्रेस नेता निर्दोष दीक्षित सहित ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी, भाजपा किसान मोर्चा से बसंत राजपूत, राजू राजपूत




विजयी टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

भरवारा, क्षेत्रपंचायत सदस्य संदीप राजपूत मुढारी, बीएसपी नेता बृजेन्द्र राजपूत, रमाकाँत मोजूद रहे। आयोजन मे अवधेश राजपूत, शोवेन्द्र सिह, बाबूलाल, हरीसिह, अरूण मिश्रा, हरिश्चन्द्र का विशेष सहयोग रहा।

# दो साल में ध्वस्त हो गई नवीन गल्ला मंडी की सड़कें



ध्वस्त पड़ी नवीन गल्ला मंडी की सड़क।

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान चकाचक की गई नवीन गल्ला मंडी की सड़क घटिया निर्माण के चलते बुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। दो सालों के अंदर ध्वस्त हुई सड़कों को लोकसभा चुनाव के दौरान ठीक कराया जाएगा अथवा नहीं, यह देखना होगा। जिले में होने वाले सभी चुनाव को कस्बे की नवीन गल्ला मंडी से संपन्न कराया जाता है। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के पूर्व नवीन गल्ला मंडी की सभी सड़कों को चकाचक बनाया गया था। लेकिन घटिया निर्माण के चलते सभी सड़क ध्वस्त हो गई हैं। निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित है। यह चुनाव भी नवीन गल्ला मंडी से संपन्न होना है। चुनाव पूर्व सड़के ठीक होगी कि नहीं यह भविष्य के गर्त में छिपा है। नवीन गल्ला मंडी के सचिव ब्रजेश निगम ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए पत्राचार किया गया है। मंडी निर्माण परिषद के सहायक अभियंता एसएस यादव ने बताया कि बांदा चित्रकूट का एस्टीमेट बन गया है। सुमेरपुर का तैयार कराया जा रहा है। जल्दी ही इनको मुख्यालय भेजकर अनुमति लेकर कार्य शुरू कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भक्त रहे कृष्णा भक्ति में लीन

**संवाददाता कार्यालय, महोबा।** ग्राम बीला दक्षिण के हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भी श्रीमद् भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का सैलाब कथा स्थल पर पहुंचा। कथावाचक प्रीतम शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा का भक्तों को श्रवण कराया जिसमें प्रभु कृष्ण के 16 हजार शादियां के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथायें सुनाई। इन कथाओं को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। कथा समापन के दौरान सुनील कृष्ण महाराज ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथा वाचक ने कहा कि सुदामा जी संसार की दृष्टि में गरीब तो थे और उनके पास कृष्ण नाम का धन था, लेकिन वह दरिद्र नहीं थे। सुदामा जी ने अपने जीवन में किसी से कुछ मांगा नहीं। बताया कि पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंच गए और द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को संदेश दिया कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आपसे मिलना चाहता है और यह बात सुनकर श्रीकृष्ण नंगे पैर सुदामा से मिलने के लिए पहुंच गए और सब लोग यह देखकर सोचने लगे कि सुदाम में ऐसा क्या है, जो भगवान दौड़े दौड़े चल गए। साथ ही भक्तो को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। कथा के बाद हवन का आयोजन किया गया, जबकि 8 फरवरी को भंडारो का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शिवकुमार, ज्ञानवती कुशवाहा, महेश, संगीता, हरिशंकर द्विवेदी, ललित सिंह सहित तमाम कृष्ण भक्त मौजूद रहे।



कथा सुनाते कथावाचक।

- ग्राम बीला दक्षिण के हनुमान मंदिर में आज होगा भण्डारे का आयोजन

### किशोरी फांसी पर झूली, परिजनों ने बचाया

महोबा शहर की मोहल्ला गांधीनगर में एक किशोरी ने घर पर फांसी लगा ली, तभी अचानक परिवार के लोगों ने उसे देख लिया और मिलकर नीचे उतारने के बाद किशोरी को आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है डॉक्टर का कहना है कि अब उसकी हालत में सुधार है। गांधीनगर निवासी 17 वर्षीय वंशिका पुत्री अनीश घर पर कमरे में थी खाना खाने के बाद उसने कमरे में ही दुपट्टे से फांसी लगा ली, अचानक परिवार के लोग इस समय कमरे में पहुंच गए और उसे नीचे उतार कर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने भी तत्काल किशोरी का उपचार शुरू कर दिया जिससे अब उसकी हालत में काफी सुधार बताया जा रहा है। किशोरी आत्महत्या क्यों कर रही थी इसकी वजह किसी को नहीं पता है। परिवार के लोग भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

### बाइक से गिरकर बाइक चालक घायल

**महोबा।** थाना खन्ना के ग्राम रतवा निवासी जयचंद 24 पुत्र विजय यादव बाइक से ग्राम बराएं गया था ग्राम बराएं से लौटते समय रास्ते में अचानक उसकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे उसके सर पर चोट लगने से पुलिस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

**जताया विरोध** — पहाड़ी पर पानी टंकी का निर्माण न कराए जाने से सभासदों सहित कस्बा वासी 12 फरवरी करेंगे धरना प्रदर्शन

# जल निगम की मनमानी, कस्बावासियों ने किया आंदोलन का ऐलान

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**धरना-प्रदर्शन**

- 12 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना देने का किया ऐलान
- टंकी बनाए जाने पर कड़े विरोध के बाद भी जनता की सुनवाई

**अमृत विचार।** कस्बा खरेला कस्बा के आधे से अधिक वार्ड मे पानी की सप्लाई के लिए प्रस्तावित पानी की टंकी जिला प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। समतल स्थल पर टंकी बनाए जाने पर कड़े विरोध के बाद भी जनता की सुनवाई न होने पर जल निगम मनमानी पर उतारू है और आम जनमानस भी अब सड़कों पर आकर विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार है। कसबा वासियों ने मांग पूरी न होने पर 12 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना देने का ऐलान किया गया है।

कुमार' राजेश' रोहित कुमार' बृजेश' चन्द्रशेखर तिवारी' पूर्व नगर पंचायत अध्यख सिद्धगोपाल' पताप बाबू' सभासद जुगुल किशोर खरे' रामबाबू' प्रवीण मिश्रा' सुरेश कुमार' शकुन्तला' संतोषी' वन्दना' सुरेश कुमार' धमेन्द्र सहित तमाम कस्बा वासियों ने जिलधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अधिशाषी अभियन्ता जल निगम की हठधर्मिता और निर्माणकर्ता ठेकेदार से सांठ गांठ के चलते टंकी का निर्माण समतल स्थल कराया जा रहा है, जबकि कस्बा वासी पहाड़ी पर टंकी का निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। जल निगम की मनमानी से नाराज नगर पंचायत के 9 सभासदों सहित आधी आबादी ने प्रस्तावित स्थल पर ही पानी की टंकी बनाए जाने की मांग की है, मांग पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है साथ ही सूचना मुख्यमन्त्री' जल निगम सहित स्थानीय प्रशासन को भेजी है। 12 फरवरी को जल संस्थान कार्यालय तथा 13 फरवरी से टंकी निर्माण प्रस्तावति स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान कर दिया है।

शासन द्वारा 32.32 करोड़ रुपये पेयजल योजना के लिए निर्गत होने के बाद भी जल निगम ने अपनी मर्जी से ही स्थल परिवर्तन कर दिया तथा पहाड़ की जगह समतल स्थल पर टंकी निर्माण प्रस्तावित कर दिया और समतल स्थान पर टंकी बनने पर कस्बे के लोगों ने घोर आपत्ति जताई है मोहल्ले वासी रायसिंह, सादराय प्रथम, सादराय तृतीय, मानिक व इ डींगुरराय आदि मुहल्लों में पानी की सप्लाई न पहुच पाने की शंका के बीच तमाम पत्राचार किए, लेकिन जल निगम के अधिशाषी अभियन्ता पहाड़ के नीचे ही टंकी बनवाने पर तुले हुए हैं। आन्दोलनकारियों का आरोप है कि पहाड़ पर निर्माण सामग्री को पहुचाने में अधिक लागत आ रही है, जिससे ठेकेदार ने अधिशाषी अभियन्ता से सांठ गांठ करते हुए टंकी निर्माण स्थल का परिवर्तन करा लिया है, लेकिन कस्बा के लोग हर हाल में पहाड़ पर ही टंकी का निर्माण कराने की मांग पर अडिग हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष के गृह नगर खरेला में प्रशासन की हठधर्मिता पर भी लोग सवालिया निशान उठा रहे हैं तथा लोगों का कहना है कि सत्ता पक्ष के जिलाध्यक्ष के कस्बा में ही कस्बा के लोगों की सुनवाई प्रशसान नहीं कर रहा है तथा न्याय पाने के लिए अनशन तक करना पड़ रहा है जिसे सत्ता पक्ष के लिए भी चुनौती माना जा रहा है।

# दबंगों की दहशत से बंगरा में मचा कोहराम

- खूनी संघर्ष में जख्मी महिला अस्पताल में गिन रही सांसे
- परिजनों ने लगाए गोली मारने जैसे संगीन आरोप
- आरोपी पुलिस कि गिरफ्त से दूर

माधौगढ़ (जालौन)

**अमृत विचार:** दबंगों की दहशत के आगे बंगरा दहल उठा रात्रि 12:30 बजे अज्ञात कारणों के चलते गाली गलौज खूनी संघर्ष में बदल जाती है दबँगों के अत्याचार का शिकार हुई महिला जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करायी गयी।

मौके पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल करने में जुटी है जबकी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।



पूरा मामला कोतवाली माधौगढ़ क्षेत्र के बंगरा का है सोमवार को बीती रात 12:30 बजे दबँगों ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी दहशत गर्दी के आगे कोहराम मचा दिया आरोप है कि ग्राम बंगरा के प्रधान शिवम गुर्जर पुत्र दुष्यन्त का फोन हरेंद्र के फोन पर आता है लेकिन किसी कारण फोन नही उठ पाता जिसमें शिवम गुर्जर अपने साथी चरित्र गुर्जर पुत्र राजू व दो अज्ञात के साथ आकर दरवाजे पर अज्ञात कारण ही गाली गलौज करने लगते है। जिसमे हरेंद्र ने पत्नी के साथ खिड़की से झाँक कर देखा तो शिवम ने तमंचे से फायर किया जिसमे पत्नी राशि को दाहिनी आँख में गोली लग गयी जबकि आरोपी मौके से फरार हो गये पीड़िता को खून से लटपत हालत में आनन फानन स्वास्थ केंद्र माधौगढ़ लाया गया हालत अत्यधित गंभीर होने की स्थिति में उपचार कर दौरान डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहाँ उरई मेडिकल में उपचार किया जा रहा है।

> क्षेत्राधिकारी ने बताया कि रात्रि 1 बजे बंगरा में महिला को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई जिसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी माधौगढ़ मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया जिसे डॉक्टरों ने मेडिकल उरई परीक्षण के लिए भेजा जिसमे महिला को गोली लगने की पुष्टि नही हुई है घटना की तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।
>
> –माधौगढ़ शैलेन्द्र बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी

# एक माह बाद भी कालपी पुलिस ने दर्ज नहीं की गुमशुदगी की रिपोर्ट

- पीड़ित ने आधा दर्जन लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को सौपा शिकायती पत्र

उरई (जालौन)

**अमृत विचार :** कालपी कस्बे के काशीराम कालौनी ब्लाक नम्बर-18 तथा कालौनी नम्बर-211 में रहने वाले गनेश प्रसाद पुत्र जानकी प्रसाद ने रामप्रताप सिंह सेंगर, लल्ला सिंह, प्रहलाद सिंह, संतोष सिंह, सुरेंद्र कुमार, बृजेश सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि के साथ आज बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पुत्र चन्द्रशेखर का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति रिवाज से ज्योति पुत्री खूबचन्द्र निवासी उरई के साथ हुआ था।

जिससे प्रार्थी का एक नाती दिव्यांशु है जिसकी उम्र लगभग 2 वर्ष है। 27 दिसंबर 2023 को समय लगभग 7 बजे शाम से प्रार्थी की बहू ज्योति लापता है। प्रार्थी के बहुत तलाश करने के बाद भी आज तक प्रार्थी की बहू का पता नहीं चल सका है। बहू के लापता होने के पहले साहिल पुत्र नवाब खां निवासी ब्लाक नम्बर- 16 काशीराम आवास कालपी प्रार्थी के घर आया था और प्रार्थी की बहू से कुछ बात की उसके बाद बहू लापता हो गयी थी। पीड़ित ने बताया कि उसी दिन घटना का शिकायती पत्र कोतवाली कालपी में दिया था किन्तु आज तक प्रार्थी की बहू का पता नहीं चल सका है।

यह भी बताया कि 14 जनवरी 2024 को पुनः प्रार्थना पत्र देकर बहू के गुम होने की बात कही थी तथा मामले का रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग पुलिस से की गयी थी। इसके बाद भी कालपी कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का रिपोर्ट तक दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए घटना का रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।

# गाड़ी में आग लगने से एक की मौत

- आग से जले मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी

उरई (जालौन)

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय स्थित उरई के अम्बेडकर चौराहा के पास स्थित बीती रात को सिप्ट डिजार यू.पी. 80 एओ-8727 खड़ी हुई थी जिसमें अचानक आग लग गयी जिसकी चपेट में आने एक ब्यक्ति की संदिग्ध हालत में गाड़ी के ही अंदर दर्दनाक मौत हो गयी। गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी।

उधर खबर लगते ही कोतवाली पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची तथा गाड़ी के अंदर जले व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां पर उसकी मौत हो गयी। जिसकी पहचान नहीं की जा सकी है। बताया जाता है कि उक्त गाड़ी ललितपुर की जेल कालौनी के पास रहने वाले शैलू पुत्र जियालाल की बताई जा रही है जिसे शहर के इंदिरानगर निवासी एक ब्यक्ति किराये पर शहर में चलवाता था।फिलहाल पुलिस मामले की गहनता के साथ जांच कर रही है।इसके बाद ही घटना का खुलासा हो सकेगा।



## प्रधान पर परिजनों को लाभ दिलाने का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** नियम कानून को ताक पर रख प्रधान द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अपने परिजनों को अनुचित लाभ देने की शिक़ायत उच्चाधिकारियों से की गई है। मामला ज्योना गांव से जुड़ा हैं, जहां प्रधान उमेश कुमार द्वारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन से निर्मित सामुदायिक शौचालयों में अपनी मां, पत्नी, भाई की पत्नियों आदि को रख रखाव के लिए चयनित केयर टेकर का जिम्मा सौंपा हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गयी शिक़ायत में आरोपकर्ता जमुना ने बताया की मौजूदा ज्योना प्रधान उमेश कुमार (कुन्नू) द्वारा शौचालय के संचालन के लिए चयनित किए गए जय दुर्गा ज़ी स्वयं सहायता समूह में अपनी मां शांती देवी, पत्नी शिवानी, गुडिया व बबीता ( सगे भाई की पत्नियां) को फर्जी समूह का सदस्य बना अपने पद व नियमावली का दुरुपयोग कर रहे जो कि विधि विरूद्ध व न्याय संगत नहीं।

# पंखे से लटकता मिला युवती का शव

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव पंखे से लटकता मिला। परिजन आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। घटना के समय मृतका के माता-पिता वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के झाऊ का पुरवा मजरे बिसाइया गांव की रहने वाली शिल्पा (18) पुत्री राम उन्जेर पटेल बुधवार सुबह सात बजे घर के पहली मंजिल की छत से पंखे में दुपट्टा बांध कर फांसी के फंदे से झूल गई।

युवती का छोटा भाई अनुराग जब कमरे में पहुंचा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक के शोर मचाने पर मृतका की चाची चित्रलेखा भी कमरे में पहुंच गई। इसके बाद घटना की सूचना अपने पति दिलीप को दूरभाष से दी। वही युवती के फांसी लगाने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। घटना की सूचना पर सलोन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता राम उन्जेर ने बताया की घटना के समय वह अपनी पत्नी कृष्णावति बड़ी बेटी शिवनी और भाई दिलीप के साथ अपने ससुराल हंदीपुर पचखरा थाना ऊंचाहार में निमंत्रण गया हुआ था। बेटी ने क्यो ऐसा कदम उठाया है परिवार के लोग हैरान है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि सुबह 11 बजे पुलिस को युवती के आत्महत्या किये जाने की सूचना दी गई थी।

## पेड़ काटने की एसपी से शिकायत

**ऊंचाहार, संवाददाता :** क्षेत्र के पूरे लोक सिंह मजरे खरौली गांव निवासी रामू का कहना है कि उसके सगे भाई ने दरवाजे पर खड़े आम के पेड़ को जबरन काट डाला और विरोध करने पर धमकी भी दी। सोमवार को पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी थी, लेकिन आरोप है कि कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है।

# सपा विधायक ने विस सत्र में समस्याओं व खाली पड़े पदों की बात उठायी

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार :** कालपी विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी ने राज्यपाल के अभिभाषण के बाद कालपी विधानसभा की समस्याओं के अलावा खाली पड़े पदो के मामले को विधानसभा सत्र में उठाते हुये सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विपक्षी दल सपा से कालपी विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मंगलवार को विधान सभा में पुलिस की भर्ती से ज्यादा अन्य विभागों में खाली पड़े पदों परं भर्ती न होने का मुद्दा उठाया।

बिजली विभाग, पंचायती राज विभाग, कलक्ट्रेट के अलावा बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा में पद खाली है। बेसिक शिक्षा में कक्षा 5 तक के विद्यालयों में बीस प्रतिशत उच्च प्राथमिक में 25 प्रतिशत पद खाली है यानि कि सरकार के मुताबिक बेसिक प्राथमिक मे सहायक व प्रधानाध्यापक के 85152 पद रिक्त है। उच्च प्राथमिक में शिंक्षकों के 41338 पद रिक्त बताये जा रहे है और प्रदेश में वर्ष 2018 से शिक्षकों की नियुक्तियां ही नही हुयी आज प्रदेश में बीएड,डीएलएड बीटीसी के टीईटी पास बेरोजगार सड़क परं घूम रहे है। उरई का मेडीकल कालेज मात्र रिफर के लिये बना है वहां के मरीज को रिफर करने में जितना समय लगता है उतना रोका जाता है तथा उसे कानपुर या झांसी रिफर किया जाता है।

# तकनीकी खराबी से हुई ठप 210 मेगावाट की यूनिट

ऊंचाहार , रायबरेली

एनटीपीसी

- वार्षिक मरम्मत के बाद एक माह में दस बार यूनिट में आ चुकी है खराबी

**अमृत विचार :** एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट नंबर दो तकनीकी खामी के कारण मंगलवार की रात ठप हो गई है। बीते जनवरी माह में ही इस यूनिट को वार्षिक मरम्मत के बाद चालू किया गया था। तब से लेकर आज तक यह यूनिट करीब दस बार तकनीकी खामी से बंद हो चुकी है।

मंगलवार की रात करीब 12 बजे एनटीपीसी की यूनिट नंबर दो में तकनीकी खामी आ गई। जिसके कारण 210 मेगावाट क्षमता की इस यूनिट को बंद करना पड़ा है। यूनिट के बंद होने के बाद अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद मरम्मत का काम शुरू हो गया। बीते जनवरी माह में इस यूनिट को वार्षिक मरम्मत के बाद चालू किया गया था। ज्ञात हो कि यह यूनिट परियोजना की पुरानी सबसे यूनिटों में से एक है।

यही कारण है कि यूनिट में आए दिन कोई कोई खराबी आ जाती है। इसके बंद होने के बाद परियोजना का उत्पादन घटकर 840 मेगावाट रह गया है, क्योंकि 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या छह पहले से ही मरम्मत के लिए बंद चल रही है। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट तकनीकी अनुरक्षण के लिए बंद की गई है। अनुरक्षण कार्य पूर्ण होते ही यूनिट को चालू कर दिया जाएगा।

# न्यायालय कार्य से विरत वकीलों ने किया प्रदर्शन

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार :** डलमऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा अपनी मांगों को लेकर बुधवार को न्यायालय कार्य से विरत रहते हुए प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। उग्र अधिवक्ताओं द्वारा कार्य से विरत रहने के प्रस्ताव के बावजूद तहसीलदार न्यायालय में वादों में की जा रही सुनवाई पर भड़क गए और नारेबाजी करने लगे।

डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी ने बताया कि डलमऊ तहसील के विभिन्न न्यायालय में खारिज पड़ी हजारों फाइलों को रिस्टोर नहीं किया जा रहा है और न ही दाखिल खारिज के लिए पिछले दो माह से ऑनलाइन डेटा किया जा रहा है, जिससे वह अधिकारियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं तहसील के विभिन्न न्यायालयों में प्राइवेट कर्मियों और दलालों के माध्यम से सरकारी कार्य में नाजायज दखल के चलते न्यायिक कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और कहां जब तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## लेखपाल को जान से मारने की धमकी

लालगंज, रायबरेली : सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि लेखपाल के द्वारा ऊसर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की बात कहने पर दबंग अतिक्रमणकारियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मामले की शिकायत लेखपाल ने लालगंज पुलिस से की है। पुलिस ने लेखपाल राजेश की शिकायत पर ऊसर भूमि पर कब्जा कर दीवार बना लेने वालों के खिलाफ मारपीट करने सहित लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उप निरीक्षक अवधेश यादव को सौंपी गई है। लेखपाल राजेश ने बताया कि बंगाल पुरी लोदीपुर उतरावा में वह बतौर लेखपाल कार्यरत है। गांव के ही उमेश पुत्र बाबूलाल, सोनी पत्नी उमेश ,रामू पुत्र भागीरथ, राकेश पुत्र भागीरथ, अभिषेक व अविनाश पुत्रगण राजू और अनुज पुत्र रामू ऊसर भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। ऊसर भूमि पर नींव भरकर दीवार बना लिया है और मकान बनाने की नियत है। मना करने पर भी नहीं माना है और लेखपाल के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। अब देखना यह है कि तहसील प्रशासन और लालगंज पुलिस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती है या मामले में लीपा पोती कर रफा दफा कर देती है।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय ने मुआवजे की राशि जमा करने के दिये निर्देश

**कालपी :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली में पति द्वारा पत्नी के भरण पोषण के लिये पैसा न दिये जाने के मामले में चौकी इंचार्ज द्वारा घर पर कुर्की करके न्यायालय से निर्धारित की गई मुआवजे की राशि जमा करने के निर्देश दिये। मिली जानकारी के मुताबिक मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली का है जहां रहीस पुत्र बहीद की बीते कई वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह हुआ था। शादी के कुछ दिन सब कुछ ठीक–ठीक चला इसके उपरान्त पति पत्नी में आपसी मनमुटाव हो गया पत्नी ने अपने भरण पोषण के लिये परिवार बाद न्यायालय में अपनी याचिका दायर की उक्त मामले में न्यायालय ने पत्नी के भरण पोषण के लिये निर्धारित की गई धनराशि को पति रहीश को न्यायालय में धनराशि जमा करने के निर्देश दिये गये थे पति द्वारा बार–बार न्यायालय की अवहेलना करने तथा कई बार पैसा जमा करने के लिये संबंधित कोतवाली से नोटिस भेजे जाने के बाद पैसा जमा न करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर उप निरीक्षक चौकी इंचार्ज राजेश कुमार पुलिस बल के साथ आरोपी रहीश के घर में नियमानुसार भले लोगों की मौजूदगी में कुर्की करके कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा में सामान को सुपुर्द कराया गया।

### विवाहिता ने फंदा लगा की आत्महत्या

**उरई (जालौन) :** नगर में बीती रात मुहल्ला गाँधी नगर में अज्ञात कारणों के चलते विवाहित महिला ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नगर के वार्ड नं 5 मुहल्ला गाँधी नगर निवासी सतेंद्र यादव की पत्नी बीनू यादव 27 वर्ष ने सोमवार की रात 11 बजे के लगभग घर के कमरे में कुंडे से साड़ी से फंदा बनाकर फाँसी लगा ली। घर मे सिर्फ पति पत्नी रहते थे। सतेन्द्र ने जब घर के कमरे में अपनी पत्नी बीनू को फाँसी के फंदे से लटका देखा तो घबरा गया। जिसके बाद मुहल्लेवासियों को उक्त घटना की जानकारी हुई। सुबह स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया मौके पर पहुँचकर मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा। मृतिका बीनू के मायके पक्ष के भाई आदि सूचना पाकर मौके पर आ गये। मृतका अपने पीछे साढ़े छै वर्ष के मासूम बालक अम्बुज को छोड़ गयी है।

### 9 फरवरी को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

**उरई (जालौन) :** नोडल प्रधानाचार्या राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उरई में 09 फरवरी 2024 को समय पूर्वाहन् 10 :30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना हैं। जिसमें आईटीआई के व्यवसाय फिटर, टर्नर एवं मशीनिष्ट (केवल महिला अभ्यर्थी ) तथा इलैक्ट्रीशियन एवं इलैक्ट्रानिक्स मैकेनिक व्यवसाये (पुरूष एवं महिला अभ्यर्थीयों) के लिये जनपद में संचालित हिन्दुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड में अप्रेंटिस हेतु अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है।उक्त मेले में हिन्दुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड उरई (जालौन) के प्रतिनिधि लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के द्वारा अभ्यर्थीयों का चयन करेगें। उक्त मेले में इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 25 वर्ष तक है, वे अपना पंजीयन दी गयी गूगल लिंक https://forms.gle/6na6kwykmbEUbaS5A से कर सकते है।

### न्यायालय के आदेश पर चोरी का मामला दर्ज

**कालपी :** नगर के मुहल्लां कागजीपुरा में दिसम्बर माह में घर में हुई चोरी की घटना के मामले में न्यायालय के आदेश पर कालपी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मामला पंजीकृत कराया। मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मुहल्लां कागजीपुरा निवासी मोहम्मद फिरोज उर्फ तज्जु पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद दाऊद ने न्यायालय के आदेश के पर कालपी कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराते हुये अवगत कराया कि 8 दिसम्बर को वह परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में गया था वहीं 9 दिसम्बर को जब वह घर 12 बजे वापस आया तो मेन गेट का दरवाजा खोलकर अन्दर गया उसे कमरे के सारे ताले टूटे पड़े मिले तथा कमरे में रखी अलमारी से 1लाख 70 हजार रुपए नगद तथा सोने चांदी के आभूषण गायब मिले तथा चोरों ने मकान पीछे से चढ़कर चोरी की घटना को अंजाम दिये जाने की बात कही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुये अज्ञात चोरो के विरुद्ध धारा 457 व 380 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया।

### पूर्व नगर अध्यक्ष के बड़े बेटे के निधन से शोक की लहर

**कालपी :** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान बना के बड़े पुत्र शशांक सिंह शैकू की तकरीबन 37 वर्ष की अल्प आयु में हुये निधन से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड गयी तथा लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक सम्वेदना व्यक्त की। बुधवार की सुबह जैसे ही लोगों को जानकारी लगी कि भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरूण सिंह बना का 37 वर्षीय पुत्र शशांक सिंह शैकू की उपचार के दौरान कानपुर के मर्सी हास्पिटल में बीती रात्रि करीब 2 बजे दुखद मृत्यु की जानकारी नगर व क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गयी तथा हर शख्स गमगीन और दुखी था। पिता अरूण सिंह चाचा अरविन्द सिंह,चाचा के0के0सिंह को हर कोई तसल्ली देता हुआ दिख रहा।वही मां श्रीमती सुशील के अलावा पत्नी व इकलौती मासूम बेटी का दुख सभी को दृवित कर रहा था। शशांक सिंह का अन्तिम संस्कार बाई घाट में किया गया तथा शोक सम्वेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डाक्टर अरूण मैहरोत्रा,पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान,पूर्व विधायिका उमाकान्ती सिंह,ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह सरसेला,चेयरमैनअरविन्द यादव,रमेश तिवारी,अशोक बाजपेई,सुनील पटवा सभासद,शिशु यादव,दिनेश चौधरी,सन्दीप गुप्ता,शिव कुमार कनौडिया,हरभूषण सिंह,राघवेन्द्र सिंह जादौन,भारत सिंह यादव,राम प्रकाश पुरवार,अश्वनी तिवारी,शिवदत्त मोनस,दीपक धवन,नमन अग्रवाल,पारस पुरवार,अमित पाण्डेय,राकेश पुरवार,हर्षित खन्ना,रोहणी शर्मा,समर सिंह गुड्डू,अमरदीप पाण्डेय,सतेन्द्र सिंह पडरी,अवधेश तिवारी समेत बड़ी सख्यां में लोग मौजूद थे।

### कब्जा दखल दिलाये जाने की मांग ग्रामीणों ने उठाई

**उरई (जालौन) :** तहसील कालपी क्षेत्र में पड़ने वाले ग्राम बडागाव मुकुंदलाल, चेतराम, पुष्पेन्द्र, पूरन, आशाराम, रामनाथ सहित आदि ग्रामीणों ने आज बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि वह लोग परगना कालपी थाना कदौरा के रहने वाले है जिन्हें वर्ष 2006 में आवास हेतु पटटे दिये गये थे जिस पर प्रार्थीगण काबिज है तथा निस्तार करने लगे थे लेकिन समाजवादी सरकार के शासनकाल में दबंग गुण्डा माफिया किस्म के लोगों ने प्रार्थीगणों के आवासीय पटटा वाली जगह पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया है और प्रार्थीगणों को न ही रहने के लिये उक्त जगह पर काबिज होने दे रहे है और न ही निर्माण करने दे रहे है और लेखपाल भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए मांग उठाई है कि आवासीय पटटे वाली जगह की नाप करवाकर कब्जा दिलवाया जाये।जिससे माफियाओं से निजात मिल सके।

### दो पक्षों में मारपीट , एक गंभीर

**सलोन, रायबरेली :** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले है। इसमें एक पक्ष से युवक का सिर फट गया है। पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के बढ़ाइया मजरे दरसवा निवासी राजेश पुत्र राम आसरे और आलोक पुत्र माता प्रसाद दोनो चचेरे भाई है। आरोप है कि राजेश की पत्नी विनीता बुधवार सुबह दरवाजे पर भैंस को चारा दे रही थी। इतने में ही आलोक ई रिक्शा लेकर मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि ई रिक्शा दरवाजे पर खड़ा करने से मना करने पर विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान लाठी लगने से राजेश का सिर फट गया। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि घायल युवक की तहरीर पर विपक्षी पिता–पुत्र के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्रीमद्भागवत : धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

संवाददाता, माधौगढ

**अमृत विचार।** ग्राम चितौरा में पांडरी वाले बाबा मंदिर के परिसर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन कलश यात्रा बेदी पूजन के साथ आज से आरंभ हो गया। पूरी सी ग्राम पंचायत चितौरा एवं नगर माधौगढ़ के सभी देवी-देवताओं के मंदिरों की गली-गली में कलशयात्रा निकाली गई।

भक्तों ने नांचते थिरकते हुए भजनों के साथ कलशयात्रा का लुत्फ उठाया ।प्रथम दिवस कथा का रसपान विष्णु स्वामी जी महाराज वृंदावन धाम कथावाचक ने करवाते हुए बताया कि भगवान सब देख रहा है। स्वामी जी ने बड़े ही सरस भाव से गोकर्ण की कथा को सुनाकर भक्तों का मन मोह लिया।इस मौक़े पर परीक्षित बाबूराम शिवहरे पत्नी गनेशी देवी, सभी देवताओं का आशीर्वाद लिया और सभी भक्तों से कहा कथा को जरूर समय निकालकर सुने , हरि शंकर व्यास जी आयोजक सुरेन्द्र शिवहरे भगत उर्फ कल्लू भगत, संतोष शिवहरे, मुन्ना शिवहरे, अनिल शिवहरे, एडवोकेट अखिलेश कुमार सविता मनोज शिवहरे राजेश शिवहरे, राहुल शिवहरे अंकित कुमार शिवहरे मनोज मिश्रा, महेश गुप्ता, संतोष शिवहरे, संजीव गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, मिलन शिवहरे आदित्य शिवहरे, अनुराग शिवहरे शिवनारायण, लल्लू गुप्ता, बृजनंदन शिवहरे लाला भैया शिवहरे विनोद शिवहरे मोहित शिवहरे देवेंद्र शिवहरे लखन रेजा सहित अन्य भक्तों का जनसैलाब मौजूद रहा।



# एनडीआरएफ की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

उरई(जालौन)

**अमृत विचार :** आठवीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गाजियाबाद की 06 सदस्य टीम सब इंस्पेक्टर राहुल तेवथिया के नेतृत्व में जनपद जालौन के तहसील उरई में विभिन्न प्राकृतिक और मानव क्रियाकलापों से उत्पन्न आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, आग, रोड एक्सीडेंट आदि से बचाव के उपाय के बारे में बताया साथ ही प्राथमिक चिकित्सा उपचार जैसे ब्लड कंट्रोल, सीपीआर देना, घायल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेक्चर तैयार करना, अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करना एवं रोड सेफ्टी के विषय में जानकारी दी और प्रदर्शन दिखाया।

उपजिलाधिकारी उरई सुरेश पाल, तहसीलदार शेर बहादुर एवं पटवारी, लेखपाल और अन्य स्टाफ को उक्त विषय पर अभ्यास भी कराया I साथ ही आपात स्थिति में बिल्डिंग को खाली करने की ड्रिल भी कराई, ताकि आपदाओं के समय पूरी तैयारी के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सके और जान माल की सुरक्षा की जा सके।एनडीआरएफ की टीम द्वारा कुल 62 पदाधिकारी द्वारा भाग लिया और कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।



जानकारी देती एनडीआरएफ की टीम।

# संसाधन बढ़ाने नहीं नाम से लुभाने की राजनीति

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तीन बार बदला जा चुका है मेडिकल कॉलेज का नाम
- मेडिकल कॉलेज से भी रेफर कर दिए जाते हैं मरीज

**अमृत विचार।** जिले में मेडिकल कॉलेज बनने के बाद लोगों को आस जगी थी कि अब गंभीर स्थिति में कानपुर या लखनऊ का मुंह ताकना नहीं पड़ेगा। कुछ दिन यह उम्मीद सच होती भी दिखी लेकिन समय बीतने के साथ धूमिल पड़ने लगी। जबसे यह संस्थान तैयार हुआ तब से तीन बार नाम बदला गया और एक बार फिर से यही हो रहा है। किसी का भी ध्यान यहां संसाधन बढ़ाने पर नहीं है। हालत यह है कि आधुनिकतम सुविधाएं होने के बाद भी संचालन न होने से यहां से आज भी मरीजों को रेफर किया जाता है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज चालू हुए लगभग डेढ़ दशक हो चुका है लेकिन अभी भी सभी सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। वोटों की राजनीति के चलते शासन की तरफ से नाम बदलने पर फोकस किया जा रहा है। आम जनता का कहना है कि अच्छा होता कि सरकारें यहां आधुनिकतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने में रुचि दिखातीं। यहां आठ साल से बने खड़े कैंसर, हृदय रोग संस्थान चालू नहीं हो सके हैं। हालांकि करीब 11 महीने पहले यहां कार्यभार संभालने वाले प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने अपने प्रयास से कैंसर की ओपीडी शुरू करवा दी है। साथ ही आपरेशन की संख्या भी बढ़ी है। प्राचार्य ने बताया कि मेडिकल कालेज की जर्जर सड़कों को बनवाने का प्रस्ताव भेजा है। उनका कहना है कि कैंसर, हृदय रोग अस्पताल में पद सृजन के साथ उपकरण, कलर अल्ट्रासाउड, एक्सरा मशीन, न्यूरो सर्जन की तैनाती समेत पीजी की 57 सीटे मांगी हैं।

बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई प्रारंभ होने के साथ ही फैकल्टी की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। बताया कि वह अपने स्तर से प्रयास रत हैं। जल्द ही नर्सिंग स्टाफ की कमी भी पूरी कर ली जाएगी। कैंसर व हृदयरोग अस्पताल पद सृजन के बाद ही प्रारंभ हो सकेंगे। इसके साथ ही कैंसर के इलाज को रेडियोथेरेपी की मशीनों की भी मांग शासन से की गई है जिससे स्थानीय लोगों को लाभ दिया जा सके। हालांकि मेडिकल कॉलेज में संसाधन बढ़ाने की बात मुख्यमंत्री की सभा में रखी गई लेकिन चुनाव की पूर्वसंध्या पर नामकरण की राजनीति ज्यादा रही।



मेडिकल कॉलेज में तैयार खड़ा कार्डियोलाजी का भवन। अमृत विचार

## दीपक बसपा के जिला प्रभारी तथा बबलू जिलाध्यक्ष

**छिबरामऊ।** बहुजन समाजवादी पार्टी के उच्च पदाधिकारियों ने नगर के तेजतर्रार युवा नेता दीपक कठेरिया एडवोकेट को जिला प्रभारी तथा बबलू गौतम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

नगर के मोहल्ला सैयद बाड़ा निवासी जिला प्रभारी दीपक ने कहा जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे निष्ठापूर्ण, ईमानदारी व लगन से निभाएंगे। वहीं जिलाध्यक्ष बबलू गौतम ने भी बहन मायावती का आभार जताया। शुभचिंतकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर ढेर सारी बधाइयां दी। इस दौरान सतेन्द्र भारती एडवोकेट, सतेन्द्र बौद्ध एडवोकेट, सुधीर कुमार मौर्या, संजय भारती, मनोज जाटव, अजीत एडवोकेट, दिलीप कठेरिया, राहुल कुमार, निर्मल श्रीवास्तव व रामसिया कठेरिया मौजूद रहे।

# लगाई जाएगी बाबा साहेब की प्रतिमा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने के साथ ही यहां 12 फीट ऊंची बाबा साहेब की प्रतिमा लगेगी। समाज कल्याण राज्य मंत्री के पत्र पर कॉलेज प्रशासन ने जगह चिन्हित कर पत्र शासन को भेज दिया।

तत्कालीन सपा सरकार ने 2005 में तिर्वा के बहादुरपुर गांव के पास खाली पड़ी पांच सौ बीघा जमीन पर राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए मुख्यमंत्री मुलायम सिंह ने शिलान्यास किया था। वर्ष 2006 में निर्माण के बाद प्रदेश की सत्ता मे आई बसपा सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डाक्टर भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर दिया। बसपा सरकार जाने के बाद साल 2012 में सपा सरकार बनने के बाद सीएम बने अखिलेश यादव ने फिर से राजकीय मेडिकल कॉलेज कर दिया। तीन फरवरी को कन्नौज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से इसे बाबा साहेब डाक्टर भीमराब आंबेडकर के नाम किए जाने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने कॉलेज प्रशासन को पत्र भेजकर गेट के सामने परिसर में 12 फीट ऊंची बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस पर कॉलेज प्रशासन ने प्रतिमा स्थापित के लिए जगह चिहित कर शासन व चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेज दिया। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि राज्य मंत्री के निर्देश पर प्रतिमा के लिए जगह चिन्हित कर पत्र शासन को भेज दिया। शासनादेश आने के बाद नाम बदलने व प्रतिमा लगवाने का काम शुरू होगा।



मेडिकल कॉलेज गेट। अमृत विचार

- समाज कल्याण राज्यमंत्री के पत्र पर प्राचार्य ने जगह की चिह्नित

# लापरवाही से प्रसव के बाद महिला की मौत का आरोप

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** जच्चा बच्चा केंद्र पर प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गए। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो गंभीर हालत में लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने एएनएम पर गलत उपचार के कारण महिला की मौत का आरोप लगाया है।


सिमरन।

कस्बा समधन के मोहल्ला सैयदवाडा निवासी मो. आसिफ की पत्नी सिमरन (30) को 04 फरवरी की रात लगभग 09 बजे प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर पति आसिफ सिमरन को लेकर समधन स्थित जच्चा बच्चा केंद्र ले गया। यहां एएनएम व सहायक ने प्रसव कराया।

इसके बाद अधिक रक्तस्राव होने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे पहले फर्रुखाबाद और फिर लखनऊ ले गए जहां बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के पति न आरोप लगाया कि कर्मियों की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हुई है। घटना के बाद एएनएम व सहायक केन्द्र पर ताला लगाकर फरार हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला के दो बच्चे है।

# एसडीएम ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने नगर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए।

बुधवार को उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नगर में बनाए गए मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 12 मतदान केन्द्र पर 36 बूथों को बनाया गया है। उन्होने नगर के जीटी रोड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, गीता इंटर कॉलेज, गुरु कृपा इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय चावल मंडी, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होने बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, फर्नीचर, रैंप आदि व्यवस्थाओं को परखा। उन्होने मतदाता सूची से मतदान केंद्र के नाम का मिलान किया। मौजूद कर्मियों को अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान सुपरवाइजर कौशल पांडये, कौशलेंद्र दुबे, प्रधानाध्यापक नीलम त्रिपाठी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक सतीश चन्द्र, प्रबल प्रताप सिंह, शैलेष गुप्ता, पूजा वर्मा मौजूद रहे।


नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक से पूछताछ करते एसडीएम।

- अव्यवस्थाओं को दूर करने के दिए निर्देश

# छात्राओं को बताए लैंगिक उत्पीड़न से बचने के उपाय

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला रामगंज फर्रूखाबाद रोड स्थित अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय में बुधवार को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आंतरिक परिवाद समिति व स्थानीय परिवाद समिति के गठन की जानकारी देकर छात्राओं सहित शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया।

अपर जिला जज लवली जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में दिव्यता सशक्तीकरण फाउण्डेशन की जिला नोडल अधिकारी सिमरन शर्मा ने महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम के विषय में बताया। पराविधिक स्वयं सेवकों सीमा बानों ने बताया कि जिस महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है वह जिला स्तर पर गठित समिति के समक्ष उपस्थित होकर लिखित रूप से शिकायत कर सकती है। यदि पीड़ित शिकायत दर्ज करने की मानसिक स्थिति में नहीं है। तो उसके रिश्तेदार या मित्र भी शिकायत कर सकते है। नालसा हैल्पलाइन नम्बर 15100 व नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. रुबी वर्मा, डॉ. साधना, नूरुल शम्स, नाजनीन, स्मृति दीक्षित, नीतू सिद्दीकी, प्रीती यादव, अमित चैरसिया, जमाल खान, महफूज खान, गिरीश रहे।

## मेडिकल कालेज पहुंच देहदान का लिया संकल्प

**तिर्वा, कन्नौज।** मरने के बाद भी शरीर किसी के काम आए इसके लिए वृद्ध ने मेडिकल कॉलेज को देहदान किया है। तालग्राम के गढ़वा गांव निवासी छम्मीलाल की उम्र करीब 62 साल है। वह साधू का जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बुधवार को मेडिकल कॉलेज पहुंच प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल से मुलाकत कर मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग को देने के लिए फार्म भर कर देहदान का संकल्प लिया।


छम्मीलाल।

# आलू के बाद करें मूंगफली की खेती

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी द्वारा ग्राम देवीपूर्वा में ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन तकनीक विषय पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती बड़े क्षेत्रफल पर की जाती है। लेकिन उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग, रोग व कीटों के प्रभाव के कारण मूंगफली का उत्पादन भरपूर मात्रा में प्राप्त नहीं हो पाता। किसानों ने बताया बताया कि मूंगफली में 20 से 30 प्रतिशत नुकसान जड़ सड़न के कारण होता है। 5 से 10 प्रतिशत नुकसान दीमक तथा सफेद गिडार के कारण होता है।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों व अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया ने बताया कि जड़ सड़न से बचाव के लिए बीज का शोधन कार्बेंडाजिम 02 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से करें। भूमि का उपचार ट्राइकोडर्मा 02 किग्रा प्रति एकड़ के हिसाब से किया जाना चाहिए। बुवाई के 07 से 10 दिन पूर्व ट्राइकोडर्मा को सड़ी हुई गोबर की खाद के साथ मिलकर हवादार तथा छायादार स्थान पर रखें और अंतिम जुताई के समय खेत में मिलाए। इससे जड़ सड़न रोग को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।

वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार , डॉ. अरविंद कुमार ने भी उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक कृषक मौजूद रहे।



किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक डॉ. अरविंद। अमृत विचार

- ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन पर किया जागरूक

## डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता पर भाकियू बलराज आक्रोशित

**छिबरामऊ।** काफी समय से भाकियू बलराज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ की डाइट वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके निलंबन की मांग कर रहा है। संगठन ने बुधवार को एसडीएम उमाकांत तिवारी को ज्ञापन देकर दो दिन में कार्रवाई न होने पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ के प्राचार्य हरि सिंह शाक्य एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता डायट में न ही समय से जाती और न ही उपस्थिति रजिस्टर में साइन करती हैं। सरकारी धन का दुरूपयोग कर रही है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## जिले के 33वें सीडीओ बने रामकृपाल चौधरी

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज।** जनपद के 33वें सीडीओ के रूप में रामकृपाल चौधरी ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अधिकारियों से परिचय और विकास कार्यों पर भी चर्चा की। पहली जनवरी 2024 से यह पद रिक्त चल रहा था। 38वें दिन तैनाती हो सकी।

जिले में आने के बाद सीडीओ सरकारी आवास पहुंचे। उसके बाद विकास भवन पहुंचकर अपने कार्यालय में अधिकारियों से बातचीत की। संबंधित महकमों की प्रगति पर भी चर्चा की। सीडीओ ने कलक्ट्रेट में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मिलकर योगदान आख्या दी। विकास भवन सभागार में जिलास्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अफसरों से परिचय व चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि शासन की नीतियों को आगे बढ़ाया जाएगा। उधर, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के पास से प्रभारी सीडीओ और छिबरामऊ बीडीओ पद की जिम्मेदारी हट गई है। उनके पास मूल पद समेत कुल चार विभागों का काम था। अब सहायक बचत निदेशक का अतिरिक्त प्रभार रह गया है।

# कचहरी के बार एसोसिएशन की नई कैबिनेट ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कचहरी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण ने शपथ दिलाई। कहा, बार-बेंच में सामंजस्य बिठाकर काम किया जाए।

बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए प्रभारी जिला जज ने अध्यक्ष मोहम्मद इदरीस खां, महासचिव लोकेंद्र तिवारी व कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेई समेत 22 पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि व सचिव-सदस्य राजय विधिज्ञ परिषद अंकज मिश्र ने अधिवक्ताओं की लाइब्रेरी में पुस्तकों आदि के लिए एक लाख रुपये देने का ऐलान किया। अध्यक्ष व महामंत्री ने बताया कि अधिवक्ता हितों मंव एसोसिएशन काम करेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष प्रथम रामसच्चे यादव व गोपाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कनिष्ठ कृष्ण कुमार यादव व गौरव दीक्षित, सचिव पुस्तकालय आशीष कटियार, सचिव प्रसारण विवेक दीक्षित व सचिव प्रशासन सोनू आलम ने शपथ ली।



बार एसोसिएशन की नई कमेटी को शपथ दिलाते प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण।


कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व अन्य लोग। अमृत विचार


# कार्यालय नगर पंचायत नरैनी–बांदा

पत्रांक: 334/न0पं0नरैनी/गृहकर नामान्तरण/2023–24 दिनांक: 29/01/2024

## सार्वजनिक सूचना

(म्यूनिसपल एक्ट 1916 की धारा – 147(2) के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरैनी बांदा क्षेत्रान्तर्गत स्थित भवनों के नाम परिवर्तन किये जाने हैं। जिस हेतु रजिस्टर्ड प्रलेख/आवेदन पत्रों के प्राप्त प्रकरणों पर म्यु0 एक्ट– 1916 की धारा 147 (2) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नामान्तरण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। आपत्ति अपनी–अपनी आपत्तियां लिखित रूप से साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत नरैनी में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय वार प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। तदनुसार/नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। नामान्तरण कार्यवाही हेतु प्रस्तावित प्रकरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | भवन सं0 | विक्रयकर्ता का नाम व पिता/पति का नाम (पूरा पता) | माता नाम नाम/पिता पति का नाम (पूरा पता) | नामान्तरण हेतु प्रकरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 | – | नीलम पत्नी सुशील नि0 शंकर बाजार पुकारी नरैनी – बांदा | कायना पत्नी तिजोल मुहम्मद नि0 सुभाष नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2 | 02 | – | सत्यनारायण पुत्र भगवानदीन नि0 गांधी नगर नरैनी – बांदा | उद्र प्रसाद पटेल व रज्जन प्रसाद पटेल पुत्रगण सीताराम पटेल नि0 गांधी नगर नरैनी बांदा | रजि0 नोटरी |
| 3 | 09 | – | लाल मुहम्मद पुत्र गुलजार अतर्रा तह0 अतर्रा जिला– बांदा | मुहम्मद आसीन पुत्र लाल मुहम्मद निवासी– शास्त्री नगर नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 4 | 07 | – | सुखरानी पत्नी श्री राम नि0 गांधी नगर नरैनी – बांदा | नीतू पत्नी विनोद कुमार निवासी– राज नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 5 | 08 | – | रज्जू प्रसाद पुत्र भोला प्रसाद नि0 सुभाष नगर नरैनी बांदा | समसुन निशा पत्नी रज्जब खां नि0 राम नगर नरैनी जिला बांदा | रजि0 नोटरी |
| 6 | 08 | – | जाकिर हुसैन पुत्र मुहम्मद बक्स नि0 बरूवा स्योढ़ा सुभाष नगर नरैनी बांदा | सखीना खातून पत्नी अशरफ व सरीफुन पत्नी सलीम नि0 नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 7 | 09 | – | अकबरी पत्नी दम्मू निवासी– शास्त्री नगर नरैनी – बांदा | शबनम पत्नी साहिद नि0 शास्त्री नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 8 | 12 | – | करीम बक्स पुत्र फदुल्ला निवासी– राजीव नगर नरैनी जिला बांदा | मुन्ना लाल पुत्र कल्लू राम निवासी–विस्तारित क्षेत्र राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 9 | 09 | – | रामस्वरूप पुत्र छोटा निवासी – शास्त्री नगर नरैनी जिला बांदा | अरूण कुमार पुत्र भैलू रैकवार निवासी– देविन नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 10 | 08 | – | बृजमोहन लाल पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी – बरूवा स्योढ़ा नरैनी | हनीफ पुत्र रमजान अली निवासी– सुभाष नगर बरूवा स्योढ़ा नरैनी जिला बांदा | रजि0 नोटरी/ आपसी बंटवारा |
| 11 | 08 | – | अजीज मुहम्मद पुत्र बुद्धू निवासी– पटेल नगर नरैनी जिला बांदा | अजीज मुहम्मद पुत्र बुद्धू निवासी– सुभाष नगर नरैनी जिला बांदा | पैत्रिक/ वरासतन |
| 12 | 01 | – | नवल किशोर विश्वकर्मा पुत्र शम्भू निवासी– नरैनी जिला बांदा | बिहारी लाल पुत्र फूलचन्द्र कुशवाला नि0 देविन नगर नरैनी जिला – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 13 | 07 | – | रज्जा पुत्र परागीलाल निवासी– बडहर पुरवा तह0 नरैनी – बांदा | अनीता पत्नी नवलकिशोर निवासी– राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 14 | 02 | – | जयनारायण पुत्र भगवानदीन निवासी– गांधी नगर नरैनी – बांदा | नवल किशोर पुत्र रामजी सोनी निवासी– राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |

अधिशाषी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत नरैनी – बांदा

# इसी महीने से बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुरू

## चुनावी माहौल के साथ यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, पहले परीक्षा फिर चुनाव में ड्यूटी निभाएंगे अफसर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी तेजी पर हैं। फरवरी माह में ही बोर्ड परीक्षाओं को महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव की आहट के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी प्रशासन कर रहा है। अफसरों पर इस बार ड्यूटी का डबल बोझ है। पहले वह बोर्ड परीक्षा में सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा चुनाव में भी ड्यूटी निभाएंगे। हालांकि शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के लिए जिला प्रशासन के साथ तैयारियों में लगा है, लेकिन फिर भी विभागों में कर्मचारियों की कमी से त्रुटियां भी होने की संभावना बढ़ गई हैं।

फरवरी माह में बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुरू होगा। यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई समेत मदरसा आदि की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। इनके समाप्त होते ही लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज जाएगी। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी हैरान हैं, कारण है कि इन्हीं लोगों के ऊपर दोनों की जिम्मेदारी रहेगी। यही अधिकारी बोर्ड परीक्षा में भी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निभाएंगे और इन्हीं को लोकसभा चुनाव में भी लगाया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षकों को भी दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। शिक्षक पहले बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा चुनाव में पीठासीन व मतदान अधिकारी बनकर बूथों पर जाएंगे। ऐसी स्थिति में अप्रैल माह तक अफसरों, कर्मचारियों व शिक्षकों पर बोझ बढ़ गया है।

- विभागों में कर्मचारियों की कमी होने से त्रुटियां भी होने की संभावना बढ़ गई

### परिषदीय शिक्षक भी करेंगे ड्यूटी

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की भी ड्यूटी बोर्ड परीक्षा व लोकसभा चुनाव में लगाई जाएगी। इससे पहले उन्हें कई प्रशिक्षणों के दौर से गुजरना पड़ेगा। शासन की मंशा है कि सभी विद्यालय शत-प्रतिशत निपुण हों, लेकिन शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा व चुनाव में व्यस्त रहने से बच्चे किस प्रकार निपुण होंगे। अन्य विभागों में इतने कर्मचारी भी नहीं हैं, जिनसे चुनाव कराया जा सके।

### कई परीक्षा केंद्र संसाधन विहीन

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जो केंद्र बनाए गए हैं। इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जीपीएस व गूगल मैप की मदद से परीक्षा केंद्र बनाए हैं। फिर भी कई केंद्र दूर हो गए हैं, जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी होगी। इसके अलावा कई केंद्रों पर संसाधनों का अभाव है। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि जिन केंद्रों पर अभी मानक अधूरे हैं, उन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा।

# अधिक अंक लाने को अब शिक्षक दे रहे परीक्षा के टिप्स

कार्यालय,संवाददाता फतेहपुर

- यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बच्चों को तैयार कर रहे शिक्षक
- फिलहाल, 195 केन्द्रों में चल रही इंटर की प्रयोगिक परीक्षाएं

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसमें इंटरमीडिएट के बच्चों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 195 केन्द्रों में चल रही हैं। साथ ही बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए पढ़ाई में जुटे हैं। वहीं अच्छे अंक लाने के लिए शिक्षक भी अपने-अपने विषय में बारीकियां समझा रहे हैं।

इंटरमीडिएट में बच्चे हिंदी विषय में पूरे वर्ष बहुत कम ध्यान देते हैं। परीक्षा काल निकट आते ही बच्चे हिंदी पर फोकस करते हैं। हिन्दी के शिक्षक कालीचरन ने हिंदी में अच्छे अंक लाने के लिए बच्चों को कुछ टिप्स दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे अंक लाने के लिए अपने लेखन कौशल पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं कवियों व लेखको की जीवनियां लिखते समय उनके महत्वपूर्ण बिंदुओं जन्म, मृत्यु, रचना आदि को विशेष महत्व देते हुए उन्हें हाईलाइट करते हुए लिखें। निबंध लिखते समय उचित शीर्षक का ध्यान रखें। अनिवार्य संस्कृत खण्ड में व्याख्या महत्वपूर्ण होती है। निबंध के लिए संभावित विषय पर्यावरण, विज्ञान, साहित्य व अमृत काल है। इन विषयों पर विद्यार्थी निबंध की तैयारी कर अच्छे से लिख सकते हैं। वहीं हिंदी जैसे विषय में बहु विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रश्नों को पहले और व्याख्या पर आधारित प्रश्नों जैसे निबंध, जीवनी, प्रार्थना पत्र आदि को बाद में लिखना चाहिए। व्याकरण के लिए बच्चों को रस, छंद व अलंकार की परिभाषा के साथ उदाहरण भी लिखना चाहिए।

# एक्शन से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

संवाददाता, औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे स्थित औंग में अधिग्रहीत जमीन पर पुनः कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों में उस समय सनसनी फ़ैल गई जब मंगलवार की समीक्षा बैठक में डीएम ने चौड़ीकरण की दिक्कतों को शीघ्र निस्तारित करने व यातायात सुगम बनाने के लिए अधिग्रहीत भूमि पर विधिवत कब्जा करने के लिए उपजिलाधिकारी बिन्दकी को निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि कस्बा औंग सहित कई गांवों व कस्बे में नेशनल हाईवे की कार्यदाई संस्था पीएनसी को निर्माणकार्य पूरा करने में काफी अड़चने आ रही हैं। जिससे औंग की अड़चनें हमेशा सुर्खियों में रही हैं। भूमि अधिग्रहण व बेदखली से सम्बन्धित किया गया राजस्व विभाग द्वारा मुंहदेखा व्यवहार शासन प्रशासन में सर्वविदित है। ग्रामीणों द्वारा औंग की सरकारी जमीन गाटा संख्या 782 व 783 को लेकर नेशनल हाईवे कार्यालय, आईजीआरएस, पीजी पोर्टल, हाईकोर्ट, लीगल फोरम सुप्रीम कोर्ट आदि में ग्रामीणों द्वारा 20 से अधिक शिकायतें की जा चुकी हैं, जिनमें कोई कार्यवाही नहीं हुई है।



कुछ इस तरह से अव्यवस्थित हैं साइड लेन। अमृत विचार

### मुसीबत बना संकरा सर्विस लेन

कस्बे में नेशनल हाईवे पुल के दोनों तरफ सर्विस लेन करीब एक मीटर संकरा बनाया गया है और यह एक मीटर भूमि जिसके सामने की है उसे ही गिफ्ट कर दी गई है। दोनों तरफ नाले में बना फुटपाथ भी गाटा संख्या 782, 783 में दो मीटर के स्थान पर सिर्फ एक मीटर ही बनाया गया है और ये एक मीटर भूमि भी उसी तरह गिफ्ट कर दी गई है। सर्विस लेन संकरा होने के कारण सिंगल बड़ी गाड़ियों के मुड़ने में कठिनाइयां हो रही हैं। फुटपाथ संकरा हुआ और उस कब्जा भी हो गया है जिससे पैदल चलने वालों के लिए कोई जगह नहीं बची है।

### तीन मीटर जमीन से भ्रष्टाचार के संकेत

गिफ्ट की गई उक्त सरकारी भूमि की है। जिसमें अतिक्रमणकारियों को अभिलेखों में हेराफेरी करके भारी भरकम मुआवजा भी दिया जा चुका है। एक शिकायतकर्ता ने बताया है कि इससे सम्बन्धित शिकायतों की पत्रावलियां तहसील बिन्दकी, हाईवे कार्यालय, आईजीआरएस में देखी जा सकती हैं। जिस तरह से सर्विस लेन व फुटपाथ की बचाई गई तीन मीटर जमीन गिफ्ट कर दी गई है। उससे भ्रष्टाचार के बड़े संकेत उभर रहे हैं।

# पति-बेटे की मौत हो गई, पोतियों से हुई दरिंदगी, डीएम से गुहार

संवाददाता फतेहपुर

- जिलाधिकारी से बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार
- बोली, ब्लैकमेल कर हड़प लिया गया सब कुछ

**अमृत विचार।** पति और बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद मेरे बेटे के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो पोतियों के साथ दुष्कर्म किया। उसने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। इसी वीडियो को दिखाकर हमारी संपत्ति हड़प ली। उसने ब्लैकमेल करते हुए हमारा जीना दुश्वार कर दिया। ऐसा आरोप लगाते हुए एक बुजुर्ग महिला कलेक्ट्रेट पहुंची।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला के रहने वाली 65 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू और दो पोतियों के साथ जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। उसने एक व्यक्ति पर बड़ा आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बुजुर्ग महिला ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसके पति ब्लॉक में सरकारी नौकरी करते थे। 27 दिसंबर 2020 को उनकी मौत हो गई। पति के मौत बाद इकलौता पुत्र की डेढ़ साल बाद सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके बाद बहू रोजाना लड़ाई झगडा किया करती थी। जिस कारण मैं अपनी दो सगी नातिन को लेकर अलग रहनी लगी। नातिन के अच्छे भविष्य को लेकर मृतक पुत्र के दोस्त के डांस एकेडमी में करा दिया। इसी बीच मेरी बहू को बरगलाकर विवाद कराया और दोनों नातिन को भी अपने चंगुल में फंसाकर नाजायज फायदा उठाने लगा। उसके बाद 26 नवंबर 2022 से लेकर 25 नवंबर 2023 तक मुझे और मेरी दोनों नातिन को डरा धमकाकर घर पर बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान युवक अपने दोस्तों के साथ घर आता था और शराब पीकर गलत हरकत करते थे और विरोध करने पर मारपीट किया जाता था। युवक ने डांस एकेडमी में मेरी दोनों नातिन से जबरन पूरा काम कराते थे और दोस्तों के बाद दोनों नातिनों के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर दो मकान को फर्जी बैनामा कराकर एक कार व बाइक को भी अपने कब्जे में ले रखा है। घर के सारे जेवर लेकर धमकी देते हुए दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देते है।

### पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

पीड़ित बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि उसने जब इस बात की लिखित शिकायत 13 दिसंबर 2023 को कोतवाली पुलिस और उसके बाद जिले के अधिकारियों को दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हुआ। वह लोगा सड़क पर आ गए है, परिवार के साथ जिलाधिकारी के चौखट पर जाकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने कहा वह लोग अगर न्याय नही मिला तो मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचकर शिकायत करेगी।

# सरकारी पट्टा की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**खागा, फतेहपुर।** थाना खखरेरु क्षेत्र के हकीमपुर खंतवा गांव निवासी रामकली पत्नी वासुदेव की पहले से सरकारी जमीन पर पट्टा किया गया था जिस पर गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा कर भूमि में भवन निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लिखित में शिकयती पत्र पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल, उपजिलाधिकारी खागा व खखरेरु थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव को दी है।

पीड़ित महिला ने अपने बयान में कहा कि गांव का ही रहना वाला भू-माफिया दबंग किस्म का व्यक्ति फारूक अहमद पुत्र अजमत उल्ला, के द्वारा जबरन सरकारी पट्टा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जबकि वह पट्टा मेरे नाम पहले से एलाट है। अवैध कब्जा को लेकर ज़ब विरोध किया गया तो मौके से धक्का मारकर वहां से मुझे दौड़ा दिया गया।

इस बीच फारूक अहमद के पुत्र मासूक अहमद ने गोली मारने की धमकी देते हुए अभद्रता की गई।

# डीएम के आदेश के बाद भी प्रदूषण उगल रही कम्पनी

संवाददाता, औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे स्थित तहसील बिन्दकी के ग्राम गोधरैली के निकट स्थापित त्रिमूर्ति वूड प्रोडक्ट नाम से चलने वाली फैक्ट्री आज भी काला धुंआ छोड़ती नजर आ रही है। जबकि माह दिसम्बर में डीएम के निरीक्षण के दौरान प्रदूषण उगल रही कंपनियों को बन्द करके उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए थे। गांवों में अभी कहीं-कहीं से अपशिष्ट नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में चोरी छिपे बस्ती से बाहर अपशिष्ट आज फेंका जा रहा है।

**इसलिए बुलन्द हैं हौसले:** ज्ञात हो कि उस समय डीएम ने कई जगह डाले गए अपशिष्ट का निरीक्षण किया था। जिसमें सम्बन्धित अधिकारी को जांच करने के बाद अपशिष्ट डालने वाले वाहन, कम्पनी तथा डलवाने वाले ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आदेश दिए थे।

जिसमें अभी तक अपशिष्ट से सम्बन्धित कोई जांच या कोई एफआईआर नहीं हुई। इसी वजह से कंपनियां बेलगाम हो गई हैं।



कुछ इस तरह से धुआं उगलती हैं फैक्ट्रियां।

### धुंआ कर रहा वातावरण को प्रदूषित

इस जहरीले धुएं से पूरे क्षेत्र में प्रदूषण व्याप्त हो रहा है। इससे स्वांस, दमा, अस्थमा तथा खांसी के मरीजों की परेशानी बढ़ रही हैं। इसके अतिरिक्त रबी की फसल गेहूं, तिलहन, दलहन तथा सब्जियों में भी यह प्रदूषण मिक्स हो रहा है। जिम्मेदार लोगों ने इस प्रकरण से किनारा कर लिया है, जबकि क्षेत्र के ग्रामीण इसे लेकर चिन्तित एवं भयभीत हैं।

## सार-संक्षेप

### बंधक बनाकर युवक के साथ की मारपीट, गाड़ी में की फायरिंग

**फतेहपुर।** मुकदमे में सुलह समझौता कराने का झांसा देकर युवक को चार पहिया में बंधक बनाकर मारा पीटा। युवक को झूठे मुक़दमे में फंसाने के पिस्टल से फायरिंग की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। राधानगर निवासी मनीष शुक्ला ने बताया कि एक फरवरी को रुपेश तिवारी, ओम दुबे और शिवम तिवारी ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसका मुकदमा राधानगर में दर्ज कराया था। सोमवार को याशु दुबे ने मुकदमे में सुलह समझौते के लिए पक्का तालाब स्थित अपनी दुकान पर बुलाया था। वह शाम को वहां पहुंचा। दुकान में मौजूद रुपेश तिवारी, सूर्या प्रकाश, गोलू सिंह उसे लेकर शालीमार होटल पहुंचे। होटल में पार्टी के बाद उसके साथ मारपीट की। बंधक बनाकर गाड़ी से राधानगर ले गए। रुपेश घर से पिस्टल लेकर आया और गाजीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मोड़ के पास गाड़ी लॉक कर गाडी में फायरिंग की। झूठे मुक़दमे में फसाने के लिए मारपीट कर थाने लेकर पहुंचे। आरोपी पुलिस पर झूठा मुकदमा लिखने का दबाव बनाने लगे। मामले की जांच कर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थानाध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की गई हैं। एक आरोपी को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया हैं।

### पुलिस की वर्दी फाड़ी, थाने में आग लगाने की धमकी

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के सिल्मी गांव में मंगलवार देर रात विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस से एक व्यक्ति भिड़ गया। शराब के नशे भिड़े युवक ने सिपाही की वर्दी भी फाड़ डाली। किसी तरह से पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर रिपोर्ट दर्ज की है। सिल्मी गांव निवासी अनुज शुक्ला शराब के नशे में होकर गांव के ही शिवदीप सिंह के साथ गाली-गलौज कर रहा था। कुछ देर बाद शराबी और आक्रोशित हो गया और पूरे गांव वालों को गालियां देने लगा। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर विजयीपुर चौकी पर तैनात दो सिपाही मौके पर पहुंचे। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही अनुज और आक्रोशित हो कर पुलिसकर्मियों को भी गाली देने लगा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिस से ही भिड़ गया। गाली-गलौज करते हुए पुलिस कर्मियों से हाथापाई करने लगा और सिपाहियों की वर्दी फाड़ डाली। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची थाने से पुलिस ने किसी प्रकार से आरोपी को हिरासत में लिया और पकड़कर थाने आई। थाने में भी काफी देर तक तांडव मचाता रहा और अपनी बड़ी पहुंच बताकर पुलिसकर्मियों को गाली गलौज कर थाने में आग लगा देने की धमकी देता रहा।

# हाईवे किनारे मिला बुजुर्ग शख्स का शव

**फतेहपुर।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे में बिलन्दा कस्बे के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से बुधवार को हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी क्षेत्र स्थित बिलंदा बाईपास के पास एक शव पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। में शव पड़े होने की सूचना गांव में फैल गई। पुलिस ने ग्रामीणों से पहचान कराई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

# गर्मी में बेहतर बिजली देने को हो रही कवायद

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- बिजली विभाग द्वारा चलाया जा रहा अनुरक्षण माह
- विभागीय टीम ने सौ केवीए व अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर कर रहे चेक

**अमृत विचार।** गर्मी में शहरियों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए बिजली विभाग में अनुरक्षण माह चल रहा है। जिसमें सौ केवीए से अधिक क्षमता वाले सभी ट्रांसफार्मरों का संतुलन व लोड चेक किया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी से मुकाबला करने के लिए तैयार किया जा सके। ट्रांसफार्मरों के रेड, ब्लू व यलो फेस तथा न्यूट्रल को चेक करते हुए उन्हें संतुलित किया जा रहा है।

अधिशाषी अभियंता सदर राजमंगल यादव ने बताया कि शहर समेत अन्य क्षेत्रों में मौजूद 200 क्षमता वृद्धि वाली जगह नए ट्रांसफार्मर लगाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चार सौ केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करते हुए उनके लोड की जांच की।

किसी फेस पर अधिक एम्पियर की सप्लाई पाई गई तो किसी पर कम लोड मिला। सभी ट्रांसफार्मरों के फेस को बैलेंस कराया जा रहा है। बताया कि हम शहर में स्थित सौ केवीए क्षमता से अधिक चिन्हित ट्रांसफार्मरों की जल्द ही जांच पूरी कर ली जाएगी।

### निर्माणाधीन मकान में लें अस्थाई कनेक्शन

अधिशाषी अभियंता ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में शासन की मंशा के मुताबिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता भ्रमित न हों। किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे मिलकर अपनी समस्या साझा कर सकते हैं। कहा कि घरेलू कनेक्शन से दुकानें न संचालित की जाएं। इसके लिए कामर्शियल कनेक्शन लिए जाएं। निर्माणाधीन मकान व प्रतिष्ठान के लिए अस्थाई कनेक्शन लें।

**मौसम का मिजाज** बुधवार सुबह से सूर्य के दर्शन हुए तो फिजां में खिली धूप बिखर गई, धूप खिलने से लोग काम पर लौटे

# बारिश के बाद खिली धूप, लेकिन गलन बरकरार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते तीन दिन से बारिश और बदली से भले ही लोगों को परेशानी हुई हो पर बुधवार का दिन धूप खिलने से लोगों के चेहरे खिले नजर आए। धूप से लोगों को बड़ी राहत मिली। हालांकि सर्द हवाओं से लोगों को गलन का एहसास होता रहा। स्कूली बच्चे सुबह ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे।

फरवरी माह में मौसम बार-बार बदल रहा है। बीते कई दिनों से बारिश और बदली के कारण धूप के दर्शन नहीं हुए। जिससे पारा काफी लुढ़क गया था। बारिश होने से फसलों पर भी आफत रही। सड़कों पर निकलना दूभर रहा। बुधवार सुबह से सूर्य देव के दर्शन हुए तो फिजां में खिली धूप बिखर गई। धूप खिलने से लोग काम पर लौटे। सुबह जो बच्चे स्कूल सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हुए लेकिन दोपहर को जब स्कूलों की छुट्टी हुई तो बच्चे भी खुश नजर आए। शहर के खेल मैदान, पार्क एवं घर की छतों एवं चौबारों में छोटों से लेकर बड़े तक धूप का आनंद लेते हुए नजर आए। हालांकि इस बीच गलन अपना एहसास कराती रही। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में भी पड़ रहा है। इसी के कारण मैदानी क्षेत्रों में एक बार फिर गलन का एहसास हो रहा है। मौसम खुलने से सबसे ज्यादा खुश किसान नजर आए। खराब मौसम से सबसे ज्यादा चिंतित किसान थे। बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री तो दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



बुधवार को निकली धूप में मैदान में खेलते बच्चे। अमृत विचार

- खिली धूप के साथ गलन भरी हवाओं ने कराया सर्दी का एहसास
- पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से मैदानी क्षेत्र में भी पड़ने बढ़ी सर्दी

### अभी सर्दी से राहत नहीं

मौसम विभाग की मानें तो अभी कई दिन तक गलन भरी सर्दी पड़ने की सम्भावना है। बीते दिनों तापमान में सुधार होना शुरू हो गया था। जिससे अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम तापमान आठ से दस डिग्री तक पहुंच चुका था। लेकिन पहाड़ों पर होने वाली बर्फबारी व बारिश संग ओलावृष्टि से आने वाले समय में तापमान में गिरावट की संभावनाएं बन रही हैं। आने वाले समय में एक बार फिर से न्यूनतम तापमान छह से सात डिग्री तक पहुंच सकता है।



श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।


## संपादकीय

# भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

# हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्र: समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वत: टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

## प्रसंगवश

# महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

# अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

## सोशल फोरम

# त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

# डीएम ने विकास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● स्टॉल के बारे में कर्मचारियों से की बातचीत

**अमृत विचार।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का जिलाधिकारी बीके सिंह ने बुधवार को फीता काट कर उद्घाटन किया। विकास प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टॉल उन्होंने गंभीरता से देखें और संबंधित कर्मचारियों से स्टॉल के बारे में बातचीत की।

जिलाधिकारी बीके सिंह ने कहा कि स्टाल लगाना बहुत अच्छी बात है ,लेकिन हर स्टालका महत्व जिले से जुड़ा होना चाहिए और हमारे जिला के लोगों को उससे लाभ होना चाहिए ।वे मतलब की चीज इंस्टॉल में नहीं लगाना चाहिए। जिससे कोई लाभ न हो ऐसी चीजों को स्टॉल में नहीं लगाना चाहिए । यहां लगाए गए स्टालों पर मौजूदअधिकारियों और कर्मचारियों को इस परचिंतन करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, पुलिस कप्तान विकास कुमार, अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# राम के चरित्र से प्रेरणा लें कल्पवासी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


राम कथा सुनाते आचार्य चंद्रदेव।

**अमृत विचार।** मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में बुधवार को राम कथा का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने कल्पवासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प कराया।

आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि राम वेदों के मर्मज्ञ थे। उनका सम्पूर्ण जीवन वेदानुकूल रहा। ऋषि विश्वामित्र के साथ वन में जाकर उन्होंने असुरों द्वारा सताए जा रहे ऋषि मुनियों को निर्भयता प्रदान की। उन्होंने धरती को राक्षसविहीन करने का दृढ़ संकल्प लिया। वनवास की अवधि में भोले भाले वनवासियों के साथ रहकर उनकी पीड़ा को समझा तथा एक आदर्श राजा का धर्म निभाया। राम को अपनी मातृभूमि स्वर्ग से भी अधिक प्रिय थी। लंका के अनाचारी राजा रावण को मारकर उसके धर्मात्मा भाई विभीषण को लंका का राज्य सौंप कर अयोध्या को प्रस्थान किया। प्रदीप शास्त्री ने कहा कि यज्ञ और संध्या राम के जीवन का महत्वपूर्ण भाग था पर आज के राम भक्तों के जीवन मे ये देखने को नहीं मिलता। ऐसे लोग राम के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकते। राम राज की स्थापना के लिए हमें राम के पदचिह्नों पर चलने व उनके दिखाए मार्ग को अपनाने की जरूरत है। प. दलबीर शास्त्री ने अपनी संगीतमय रामकथा के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उदिता आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। हरदेव शास्त्री व सरोज आर्या ने भक्ति गीत सुनाए। हरिओम शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया।



शोभा यात्रा में चल रही सन्तों की भीड़।

## एक नजर

### टप्पेबाजों ने उड़ाया अखबार एजेंट का रुपयों से भरा थैला

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बुधवार को टप्पेबाज एक दैनिक समाचार पत्र के एजेंट का रुपयों से भरा बैग उड़ा ले गए। राजेश कुमार पुत्र प्रेमनाथ निवासी मोहल्ला नई बस्ती द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह बुधवार को शाम लगभग 4 बजे अखबार बिक्री की वसूली के लिए मोटरसाइकिल से लोहाई बाजार पहुंचा था। उसने एक गारमेंट दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी और अखबार की कीमत पाठकों से वसूलने चला गया। लौट कर आया तो उसकी बाइक पर टंगा थैला गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। पीड़ित के अनुसार उस थैला में उसकी निजी दुकान की बिक्री के तथा अखबार वसूली के कुल मिलाकर लगभग 8-10 हजार रुपए तथा कुछ अखबार की प्रतियां एवं मोबाइल था।

### दो लोगों ने पीया जहर

**कायमगंज।** अलग अलग स्थानों पर थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव हिरनखुदा निवासी विनीत कुमार व क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी डोली ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये, जहां से दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### किशोर को सांप ने काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव पट्टिया निवासी कप्तान सिंह का 15 वर्षीय पुत्र आशीष मशीन से चारा काट रहा था तभी अचानक उसके पैर में सांप ने उसे काट लिया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए, जहां उसका इलाज किया गया।

# विवाद सुलझाने गए कोतवाल तथा सिपाही को दबंगों ने पीटा, वर्दी फाड़ी

## फतेहगढ़ कोतवाल ने छह के खिलाफ नामजद व आधा दर्जन अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● चार लोग गिरफ्तार, हमलावर की पुत्री व पत्नी भी नामजद

● दो पक्षों में विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे कोतवाल

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात झगड़ा कर रहे दो पक्षों की खबर पाकर पहुंचे कोतवाल और पुलिस बल के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की। उन्होंने कोतवाल के साथ मौजूद सिपाही को भी पीटा। दोनों की वर्दी फाड़ दी। फतेहगढ़ कोतवाल ने 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमे हमलावर की पत्नी और पुत्री को भी नामजद किया गया है। रिपोर्ट में आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोग भी शामिल हैं।



लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण करा रहे कोतवाल व सिपाही। अमृत विचार

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कोतवाल हरि श्याम सिंह ने कहा है कि जय नारायण वर्मा रोड पर भाजपा विधायक के आवास के पास में दो पक्ष झगड़ा कर रहे थे, जिसकी सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही नितेश राठौड़ पुत्र राम प्रताप और राम प्रताप, सिंधु पुत्र राम प्रताप, आशा देवी पत्नी राम प्रताप, आरती पुत्री रामप्रताप निवासी जयनारायण वर्मा रोड शिव कॉलोनी फतेहगढ़ व रमनेश निवासी चंद्रपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इन लोगो ने उनकी वर्दी फाड़ दी और जान से मार डालने की धमकी दी।

पुलिस ने नितेश, सिंधु, रामप्रताप व रमनेश को गिरफ्तार कर उनका डाक्टरी परीक्षण कराया। फतेहगढ़ के कोतवाल हरि श्याम सिंह और सिपाही शशिकांत पांडे ने भी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया। जिसमें कई चोटों के निशान उनके शरीर पर पाए गए हैं। बताया गया है कि नितेश सेना में कार्यरत है और उनके पिता राम प्रताप पूर्व सैनिक है। घटनाक्रम के अनुसार जय नारायण वर्मा रोड पर उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र निरंजन त्रिवेदी निवासी गीता पुरम फतेहगढ़ और नीलेश पुत्र राम प्रताप की कार के शीशे आपस में टकरा गए थे। इसे लेकर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस के साथ भी इन दबंगो ने हाथापाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल हरि श्याम सिंह ने सरकारी कामकाज में बाधा डालने और पुलिस के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट फतेहगढ़ कोतवाली में दर्ज कराई है। कोतवाल हरि श्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने नितेश, राम प्रताप तथा चार अन्य व आधा दर्जन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था पर हमला करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### झगड़ रहे पांच लोगों का भी कराया चिकित्सीय परीक्षण

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने झगड़ा कर रहे नितेश पुत्र रामप्रताप व रामप्रताप तथा दो अन्य निवासी जयनरायन वर्मा रोड शिव कालोनी फतेहगढ तथा उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र निरंजन त्रिवेदी निवासी गीता पुरम फतेहगढ का भी डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

# मरीज हो गए बेकाबू डॉक्टर के कक्ष में घुसे

**फर्रुखाबाद ।** डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उमड़ी भारी मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने में गार्ड असमर्थ रहे। नतीजतन मरीज धक्का मुक्की करके चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ध्रुवराज सिंह के कक्ष में घुस गए। मरीजों का दबाव देख डॉक्टर कुर्सी छोड़कर बाहर चले गए।

बताते चलें कि डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों की भीड़ दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है। बुधवार को ओपीडी में 700 के करीब पर्चे बनने के बाद चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुवराज सिंह के कक्ष में रोगियों की भारी भीड़ लग गई। रोगी धक्कामुक्की करके डॉक्टर के कक्ष में प्रवेश कर गए। इस पर वे कक्ष से बाहर निकल गए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता का कहना है कि मरीजों को सीमा रेखा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। एक डॉक्टर कितने मरीज देख सकता है यह सोचना चाहिए। डॉक्टर ध्रुवराज सिंह वैसे भी सबसे ज्यादा मरीज देखते हैं। यदि मरीज दबाव बनाएंगे तो डॉक्टर को कक्ष छोड़कर जाना मजबूरी बन जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को धैर्य रखना चाहिए और लाइन में खड़े होकर दवा लेनी चाहिए जिससे प्रत्येक व्यक्ति को दवा मिल सके। उन्होंने कहा कि कल से व्यवस्थाएं टाइट की जाएंगी


निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

# डीएम ने बीएसए कार्यालय के लेखाकार का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय में गंदगी की भरमार देख डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने वित्त लेखाकार का वेतन रोकने के बीएसए को निर्देश दिए।

डीएमके आकस्मिक निरीक्षण से शिक्षा विभाग की पोल खुल गई। कार्यालय की साफ सफाई सही नही पाई गई। कार्यालय में अभिलेखों के सही तरह से रख रखाव खराब था। नाराज डीएम ने गंदे पंखों की सफाई, टूटी मेज कुर्सियों को सही कराने के दिये निर्देश। सुबह 10.25 तक वित्त एवं लेखा कार्यालय पर ताला लगा था और वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपस्थिति थे। गुस्साए डीएम ने वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा का वेतन रोकने के आदेश दिये।

जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। पढ़ाई की स्थिति बहुत खराब पाई गई ।बच्चों में सामान्य जानकारी का भी आभाव मिला। इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को खुद जांच कर शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही के निर्देश दिये। विद्यालय में 133 के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित पाये गए। जिलाधिकारी ने बच्चो को दिए जाने बाले भोजन की भी जानकारी की ।जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि तुम लोग पढ़ोगे तो घर की स्थिति अच्छी होगी। विद्यालय के शौचालय गंदे पाये गए व पीने के पानी की टोटी भी गंदी थी। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्यालय परिसर में खाली जगह पर पौधे लगाने के निर्देश बीएसए को दिए गए।

# ढाई घाट मेले की उठाई गईं समस्याएं

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ब्लॉक कार्यालय में किसानों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन कर शमसाबाद स्थित ढाईघाट मेले की समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। इस दौरान किसानों ने 5 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।


ब्लॉक में प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान नेताओं ने कहा कि धर्मपुर ग्राम पंचायत में आज तक पक्की नाली नहीं बनी है। खड़ंजा ध्वस्त हो चुका है। आने जाने के मार्गों पर पानी भरा है। नालियों में कूड़ा पड़ा है। शमसाबाद के ढाईघाट मेला में दुकानदारों से तीन सौ से पांच सौ रुपए प्रति मीटर स्थान का लिया जा रहा है। स्नानघर व शौचालय बेहद कम बनाए गए है। गन्ने का बकाया भुगतान जल्द किया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि शमसाबाद में डा. शिवप्रकाश की तैनाती ललितपुर व डा. सुनीता की तैनाती हरदोई में है। इसलिए सीएचसी में सरकारी आवास खाली कराया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि आवारा अन्ना मवेशियों को गौशाला में भिजवाने की मांग की। इस दौरान किसान नेताओं ने खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पांडेय को सौपा। ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ किसान नेता राजबहादुर राजपूत, संजय गंगवार, विजय सिंह यादव, श्रीपाल, पूजा, धन सिंह यादव, विजय सिंह रहे।

# बीसी सखी ने किया डीसी का घेराव

**फर्रुखाबाद ।** विभिन्न मांगों को लेकर बीसी सखी ने बुधवार को विकास भवन पहुंचकर डीसी का घेराव किया। उन्होंने राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के समान अधिकार दिए जाने की मांग की। बीसी सखी स्वाभिमान संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले पहुंची बीसी सखियों ने मांग की कि उनका खाता राष्ट्रीयकृत बैंकों में ऑडी खाता खोला जाए ।उन्होंने कहा कि वह एन आर एल एम विभाग द्वारा चयनित है ।इसलिए उन्हें राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मचारियों की तरह सभी सुविधाएं दी जाए। उनका रुका हुआ वेतन तत्काल दिलाया जाए ।बीसी सखियों ने कहा कि उनके साथ जो सौतेला व्यवहार हो रहा है उसे बंद कराया जाए ।

# सीमा विवाद में नहीं सुलझ रहीं दो गांवों की समस्याएं

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

● दत्तूनगला नई बस्ती का है मामला, जलभराव से पोल पर आने लगता है करंट

● ट्रांसफार्मर के तार भी पानी में डूबे, हो सकती है कोई बड़ी अनहोनी

**अमृत विचार।** दत्तूनगला से नई बस्ती मार्ग पर जलभराव की समस्या दो ग्राम पंचायतों में चल रहे सीमा विवाद के बीच उलझ कर रह गई है। आलम यह है कि जलभराव से पोल पर करंट उतरने लगा है। वही ट्रांसफार्मर के तार भी पानी में डूबे हुए है। इन हालातों में कभी भी किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है। बच्चों को स्कूल जाने आने में भारी दिक्कत हो रही है।

ग्राम पंचायत शिवरईवरियार व ग्राम पंचायत मझोला की सीमा पर बसे मोहल्ला झील नई बस्ती के बाशिंदे बेहद परेशान हैं। सीमा विवाद के चलते उनकी समस्या का कोई समाधान करने वाला नहीं है। दत्तूनगला से नई बस्ती के लिए सड़क गई है। यहां 100 मीटर से अधिक रास्ते पर भीषण जलभराव है, वहीं ट्रांसफार्मर भी लगा है। ट्रांसफार्मर के तार वहां भरे पानी में डूबे हुए हैं, जिससे पानी और पोल में करंट आ जाता है। इससे किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी मार्ग से स्कूल के बच्चों का आवागमन रहता है। कई बार ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि सीमा पर बसे होने के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। काफी समय पहले इस मार्ग पर शिवरईवरियार के पूर्व प्रधान ने खड़ंजा बिछवा दिया था। बाकी का कार्य मझोला ग्राम प्रधान से कराने को कहा था लेकिन आज तक यह समस्या जस की तस बनी हुई है। निचला इलाका होने से पानी की निकासी सही से नहीं हो पा रही है। समस्या के निस्तारण के लिए अखिलेश वर्मा, सुनील, अरविंद सिंह, ओमकार, रामदास, ब्रजेश कुमार, अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, रमाकांत, शकुंतला देवी, अरविंद सिंह, कुलदीप शर्मा, हरदेव सिंह, रामकुमार कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने इस्पेक्टर कानून व्यवस्था को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### दोनो पंचायतों के प्रधान बोले, कराएंगे समस्या का हल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** ग्राम पंचायत शिवरई वरियार प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र उर्फ पिंकू ने बताया समस्या की जानकारी पर वह मौके पर गए थे। ग्रामीणों से बात की थी कि कुछ दिन के लिए पानी रोक दो ताकि नाली बनवाई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि वहां नाला बन जाए तो समस्या का बेहतर समाधान हो सकता है, लेकिन उनकी ग्राम सभा में बजट नहीं है। वह बोले मझोला ग्राम पंचायत सपोर्ट करे तो समस्या का स्थाई हल हो सकता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत मझोला के प्रधान पुत्र अभिषेक शाक्य ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या सर्वोपरि है। जल्द ही बीच का रास्ता निकाल कर समाधान कराया जाएगा।

जागरुकता

**सड़क सुरक्षा के नियम बताए, बिना ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी न चलाने की दी सलाह, तीन स्कूली वाहनों का किया चालान, 90 हजार रुपये लगाया शमन शुल्क**

# एआरटीओ ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने जहानगंज क्षेत्र में स्थित राजपूत ग्लोबल अकेडमी के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपक वर्मा तथा अन्य विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।


सड़क सुरक्षा की शपथ लेते विद्यालय की छात्र-छात्रायें। अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित 450 छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एआरटीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय के छात्रो को ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन का संचालन नहीं करना चाहिए। एआरटीओ ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 में 2019 में संशोधन करते हुए एक नई धारा 199 क जोड़ी गई है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि यदि किसी किशोर द्वारा सार्वजनिक स्थल पर वाहन चलाया जाता है तो किशोर के संरक्षक/ मोटर वाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। इसके अंतर्गत संरक्षक, मोटर वाहन स्वामी को 3 वर्ष का कारावास तथा उस पर 25000 का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन एक वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा। एआरटीओ प्रवर्तन ने सभी छात्र-छात्राओं से मार्ग पर सुरक्षित चलने तथा अपने माता-पिता को सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रार्थनासभा में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा पंफ्लेट बांटे गए।

एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा जहानगंज एवं कायमगंज क्षेत्र में सघन प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए तीन स्कूली वाहनों को बिना फिटनेस एवं परमिट के संचालित पाए जाने पर चालान किया गया तथा उन पर 90 हजार का शमन शुल्क लगाया गया। चेकिंग के दौरान कृषि कार्य हेतु पंजीकृत दो ट्रैक्टर ट्रालियों को छिबरामऊ तथा गुरसहायगंज के लिए यूरिया खाद ले जाते हुए पकड़ा गया तथा उन पर रुपए 1.90 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसी क्षेत्र में अन्य यात्री वाहनों जैसे ऑटो रिक्शा तथा बस आदि के चालान भी किए गए। इस प्रकार कुल नौ वाहनों के चालान करते हुए रुपए 3.34 लाख का शमन शुल्क आरोपित किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

● कंपिल क्षेत्र में कमरुद्दीनपुर पुल पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कंपिल क्षेत्र में कमरुद्दीनपुर पुल पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।

जनपद एटा के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव बधौलिया निवासी देव सिंह का 20 वर्षीय पुत्र जयवीर बाइक से जनपद शाहजहापुर क्षेत्र के गांव कलान में अपनी रिश्तेदारी से घर जा रहा था। जब वह कंपिल मार्ग स्थित कमरुद्दीनपुर पुल पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दूर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर दौड़े और परिजनों को सूचना दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज किया गया। जयवीर के इलाज में स्वास्थ कर्मियों ने उसके परिजनों से ही घाव को साफ करने के लिए कहा। बेचारा चाचा भतीजे की घाव साफ करने के लिए जुटा नजर आया लेकिन स्वास्थ कर्मी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। जब यह नजारा सीएचसी में पहुंचे तीमारदारों ने देखा तो वह कहते नजर आए यह कैसा अस्पताल है जहां खुद तीमारदार खुद अपने मरीज का इलाज कर रहे है।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना मे कम्पिल क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी राजेश की 6 वर्षीय पुत्री खुशी, थाना गुरसहायगंज के मोहल्ला आजादनगर निवासी राजीव घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने सुनीं पेंशनरों की समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लोकभवन में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्त प्रदेश के कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रकरण विचाराधीन है, इस पर शीघ्र निर्णय लिये जाने की संभावना है। शासन के विभिन्न विभागों की ओर से गठित समितियों में पेंशनर प्रतिनिधियों का नामांकन किये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों के स्तर पर विचार किये जाने के लिए पत्र जारी करने का आश्वासन दिया, जबकि भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय की तर्ज पर प्रदेश पेंशनर संगठनों को शासन स्तर पर मान्यता व अनुदान दिये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने वित्त विभाग स्तर पर विचार करने की बात कही। बैठक में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक-प्रचार ओंकार नाथ तिवारी, मोहसिन अली आदि शामिल थे।

### सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने में जुटी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएसआई के लिए जासूसी में पकड़ा गया भारतीय दूतावास के कर्मचारी से एटीएस एक बार फिर नए सिरे से पूछताछ शुरू की है। दरअसल, एटीएस देश के साथ गद्दारी में सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने की कोशिश में है। यह पता करेगी कि कोई और सैन्यकर्मी अथवा दूतावास का कर्मचारी तो सतेन्द्र के आईडी से आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में नहीं था। सतेन्द्र सिवाल बुधवार से 10 दिन के लिए एटीएस की रिमांड पर है। एटीएस, मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में सुरक्षा सहायक रहे सतेन्द्र सिवाल से उसके साथियों के बारे में पता कर रही है। यह जानकारी करने की कोशिश में है कि उसका (सतेन्द्र) संबंध किन-किन हैंडलर्स से था। उसके द्वारा किन माध्यमों से कितना पैसा लिया गया है।

# प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, 19 फरवरी को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी



सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी

▶▶ **21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा यूपी : मुख्यमंत्री**

समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है। योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।

**विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए :** योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

**आज 150 फ्लाइट के जरिए 75 से अधिक जगहों तक हवाई सेवा उपलब्ध :** मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में दो एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ पूरी तरह से क्रियाशील थे। आज 10 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनसे 150 फ्लाइट 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध करा रही हैं। 2016-17 से 2023 तक हवाई यात्रियों की संख्या में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां की सदानीरा नदियों में कनेक्टिविटी के लिए इनलैंड वॉटर वेज अथारिटी बनाई है। इसके तहत जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क हमारे पास है।

**इस साल के अंत तक 12800 मेगावॉट हो जाएगी विद्युत उत्पादन क्षमता :** मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सेक्टर के बारे में बताते हुए कहा कि 2016-17 में प्रदेश मंर कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5600 मेगावॉट थी। वर्तमान में कुल उत्पादन क्षमता 8688 मेगावॉट हो गई है। इस साल के अंत तक हम विद्युत् उत्पादन क्षमता 12800 मेगावॉट हो जाएगी। 2017 तक कुल 128494 मजरों तक बिजली आपूर्ति पहुंच पाई थी। बीते साल साल में 249818 मजरों तक बिजली आपूर्ति. यानी 100 प्रतिशत मजरों को विद्युतीकृत किया जा चुका है।

### फोर लेन की 1235 परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। बलिया लिंक एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर लिंक एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे को भारत सरकार के सहयोग से बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फोर लेन की 1235 प्रोजेक्ट को पिछले सात साल में आगे बढ़ाया गया है।

### 10 गुना बढ़ी हैं सौर ऊर्जा परियोजनाएं

सौर ऊर्जा की बात करें तो 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी, जो वर्तमान में 2596 मेगावॉट हो गयी हैं। यानी सौर ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं में पिछले लगभग 7 वर्षों में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या और काशी सोलर सिटी के रूप में विकसित की जा रही है तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में तैयार किया जा रहा है। अयोध्या में 10 किलोमीटर लम्बे मार्ग को सोलर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाशित किया गया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

# डबल लॉक के हवाले 'मदरसा बोर्ड प्रश्न पत्र'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के प्रश्न पत्र 48 घण्टे बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के हवाले होंगे। ये डबल लॉक की सुरक्षा में रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जिलों के डीएमओ को बुलाया गया है, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी परीक्षा संपन्न होने तक जारी रहेगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में इस वर्ष 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों की संख्या 71 हजार 702 है। जबकि छात्राओं की संख्या 69 हजार 413 है। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर जिले के सभी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को मदरसा दारूल उलूम वारसिया में बुलाया गया है। जहां इन्हें डबल लॉक की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि 10 फरवरी की सुबह सभी प्रश्नपत्रों को अधिकारियों की सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा। यहां से प्रश्नपत्र जनपदवार कोषागार में जमा होंगे। बाद में ये परीक्षा केन्द्र संचालकों को दिये जाएगे। परीक्षा संपन्न होने तक सीसीटीवी की निगरानी में सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

**बोर्ड ने बनाए 511 परीक्षा केंद्र :** मदरसा बोर्ड ने प्रदेश के 73 जनपदों में 511 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये हैं। जिनमें सीसीटीवी के सहारे सभी रिकार्डिंग को डिवाइस में सुरक्षित रखने के निर्देश जिलावार दिये गए हैं।

### इन जिलों में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं

प्रदेश के ललितपुर और गौतमबुद्ध नगर जनपदों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी। क्योंकि इन दोनों जनपदों में एक भी परीक्षा केन्द्र स्थापित नहीं हो सके हैं। परीक्षा समिति के सदस्य कमर अली कहते हैं कि यहां पर बोर्ड से पंजीकृत मदरसों का संचालन नहीं हो सका है। ऐसे में परीक्षा कराया जाना संभव नहीं है। अगले सत्र में व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाएगा।

# सीबीआई ने घूसखोरी में पीएनबी के शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई।

सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के

▶▶ **केवीआईसी ऋण पास करने के लिए मांगी थी एक लाख रुपये घूस**

खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी।

यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

## तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

# गलत ढंग से हुए 32 अधिकारियों के तबादले रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिना मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराए खनन विभाग में हुई 32 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को रद कर दिया गया है। यह जानकारी विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत 30 जून के बाद किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने

▶▶ **किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री से अनुमोदन लेने का प्रविधान**

पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुमोदन लेने का प्रविधान है। फिर भी खनन विभाग में 30 जून के बाद 32 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए थे।

विधान परिषद में सपा के आशुतोष सिन्हा के सवाल के जवाब में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अभी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सपा के सदस्यों ने इसका विरोध किया और कहा कि आखिर अभी तक खनन निदेशक के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मामले को जानबूझकर घुमाया जा रहा है। इस पर फिर नेता सदन ने कहा कि जो भी दोषी होंगे वह बचेंगे नहीं।

उधर सपा के आशुतोष सिन्हा ने चंदौली के चकिया विकासखंड के गांव बैरी में पंचायत भवन परिसर में पर्याप्त जमीन होने के बावजूद दो किलोमीटर दूर राशन की दुकान बनाए जाने पर सवाल उठाया। इस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने हस्तक्षेप किया और इसकी जांच के निर्देश दिए।

# भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

## शामिल हुए नेताओं के साथ 10 हजार समर्थक भी बने भाजपा सदस्य : भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 100 फीसदी वोट में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।

उप मुख्मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी परिवार निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने शामिल होने वाले सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र दल है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल जिताने का काम करना है।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित समेत अन्य उपस्थित रहे।

**भाजपा में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख :** भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित होने वाले ब्लॉक प्रमुखों में उरूवा प्रयागराज से आरती गौतम, करछना प्रयागराज से सरोज द्विवेदी, चाका प्रयागराज से अनिल सिंह पटेल, कोंराव प्रयागराज से मुकेश कोल, फतेहगंज पश्चिम बरेली से सत्येन्द्र यादव, भोजीपुरा बरेली से योगेश पटेल, बागंरमऊ उन्नाव से सुनीता दिवाकर (सपा), उन्नाव ज्ञानेन्द्र सिंह (सपा), सीयर बलिया से आलोक सिंह, बांसडीह बलिया से सुशीला देवी, लार देवरिया से अनुभा सिंह, भलुअनी देवरिया से छददू यादव, मिर्जापुर लालगंज से फिरती देवी (सपा) सहित विभिन्न ब्लॉक प्रमुखों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



प्रदेश कार्यालय में महिला सदस्यों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### इन नगरपालिका अध्यक्षों ने ग्रहण की सदस्यता

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगरपालिका बिलारी, मुरादाबाद के अध्यक्ष रघुराज यादव (सपा), नगरपालिका धनौरा, अमरोहा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल (बसपा), नगरपालिका मसवासी, रामपुर के अध्यक्ष दिनेश गोयल, नगरपालिका चन्दौसी, सम्भल की अध्यक्ष लता वाष्णेय, नगरपालिका टुंडला, फिरोजाबाद के अध्यक्ष भवर सिंह, नगरपालिका मऊरानीपुर, झांसी की अध्यक्ष शशि श्रीवास, नगरपालिका लखीमपुर की अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, नगरपालिका मिश्रिख, सीतापुर की अध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर पालिका बांगरमऊ, उन्नाव के अध्यक्ष राम जी, नगरपालिका नवाबगंज, गोण्डा के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह, नगरपालिका नौतनवा, महराजगंज के अध्यक्ष ब्रजेश मणि त्रिपाठी, नगरपालिका गौराबरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल (बसपा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### इन नगर पंचायत अध्यक्षों ने ली भाजपा की सदस्यता

पार्टी मुख्यालय पर सदस्यता लेने वाले नगर पंचायत के अध्यक्षों में सिसौली मुजफ्फरनगर की सुभाषिनी सिंह, शाहपुर मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अकरम (आप), एलम शामली की रीना, ननौता सहारनपुर से रूमाना खान (बसपा), नरौरा बुलन्दशहर से प्रीति यादव (बसपा), बीबीनगर बुलन्दशहर गुडडी देवी, गुलावठी बुलन्दशहर नेहा यादव (सपा), ज्ञानपुर भदोही से घनश्याम दास गुप्ता, लम्भुआ सुल्तानपुर से अवनीश कुमार सिंह अंगद, भारतगंज प्रयागराज से फरा बेगम, कोरांव प्रयागराज से ओम प्रकाश केसरी, अनपरा सोनभद्र से विश्राम प्रसाद जैसवार, ज्योति खुड़िया मैनपुरी से प्रेमलता माथुर, फतेहगंज पुरवी बरेली से संजय पाठक, खखरैरू फतेहपुर ज्ञानचन्द्र केसरबानी, मानिकपुर चित्रकूट से रानी कोल, एरच झांसी से जयचन्द्र राजपूत, शिवराजपुर कानपुर से निर्मल कटियार, तिंदवारी बांदा से सुधा साहू, खरेला महोबा से संतोष सिंह, परसदेपुर रायबरेली विनोद कौशल, सलौन रायबरेली से चन्द्रशेखर रस्तोगी, हैदराबाद उन्नाव ब्रज किशोर वर्मा, मोहान उन्नाव से समरजीत, बीघापुर उन्नाव सुशील कुमार, औराव उन्नाव राकेश कुमार, उगू उन्नाव से अनिता, नवाबगंज उन्नाव से दिलीप कुमार, सफीपुर उन्नाव से गरिमा, गंगाघाट उन्नाव से कोमदी पाण्डेय, मधौगंज हरदोई से अनुराग मिश्रा, हैदरगढ़ बाराबंकी से आलोक तिवारी, रामनगर बाराबंकी से रामसरन पाठक, देवा बाराबंकी से हारून वारसी, घुघली महराजगंज से संतोष जायसवाल, चौक महराजगंज से संगीता देवी, परतावल महराजगंज से प्रियंका गुप्ता, मथौली कुशीनगर से नवरंग सिंह, फालिजनगर कुशीनगर से शत्रुधन शाही, सुकरौली कुशीनगर से राजनीति कश्यप, बढ़नी सिद्धार्थनगर से सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर से उमा अग्रवाल, अजमतगढ़ आजमगढ़ से ललिता साहनी, मधुवन मऊ से आरती मल्ल, उरूवा गोरखपुर से रामफेर कन्नौजिया बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

## वर्ग पहेली-336

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली - 335 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मैं | ■ | ■ | ■ | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | ■ | ला |
| ■ | वा | ■ | रो | ■ | ना |
| ■ | ■ | 5 सं | हि | ति | ■ |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | ■ | 7 श |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | फ़ी |
| 8 शि | फा | ■ | 9 त | पा | क |

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

**वृष** — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह** — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

**कन्या** — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**तुला** — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

**वृश्चिक** — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होंगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाजी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

**मीन** — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

- पृथ्वी — सुबह : 09.00
- गद्दार — रात : 09.00
- मलंग — सुबह : 10.44
- पीकू — रात : 07.00
- वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
- कलंक — रात : 06.45
- हीरो — सुबह : 07.10
- दिवार — रात : 07.00
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
- राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

# अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▶▶ **अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत**



कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

# रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने पर फोकस : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढ़ाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

# इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

*भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।*

**40%** आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट, स्टाफ भी बढ़ाया




**6.34** लाख को 2022 में और 2021 में 2.56 लाख लोगों को मिला था वीसा

- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।



- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

# अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

## एक नजर

### ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन, 6 लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने बताया कि राहत कार्य जारी है।

### सीरिया में इजराइल ने किया मिसाइलों से हमला, 7 लोगों की मौत, 13 घायल

**दमिश्क।** सीरिया में होम्स प्रांत के मध्य इलाकों में इजराइल ने मिसाइलों से हमला किया है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हैं। होम्स में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्लिम अल-अतासी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि होम्स शहर में आवासीय इमारत पर हमला किया गया है। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उत्तरी लेबनानी क्षेत्र त्रिपोली से होम्स शहर और उसके आसपास के विभिन्न स्थलों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया।

### पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़



**बर्लिन।** जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

**पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद**

# ...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

**इस्लामाबाद, एजेंसी**




पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्तााान में निवेश करने के इच्छुक हैं।

### 6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

### तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

**जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं :** जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

**इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी :** पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

**24.15** करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

**5,121** प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

**4,806** पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

**8** फरवरी को वोटिंग 12.8 करोड़ मतदाता 266 सांसद बनेंगे

**167** रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

**90,582** पोलिंग स्टेशन पूरे देश में



| किस धर्म के कितने वोटर | |
|---|---|
| 96.28% | मुस्लिम |
| 1.59% | ईसाई |
| 1.6% | हिन्दू |
| 0.58% | अन्य |

# बलूचिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले दो धमाके, 40 की मौत



पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

**क्वेटा, एजेंसी**

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

# जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

# ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

# अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

## यूएई में मंदिर...




**अबू धाबी :** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कुछ दिनों बाद 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। ● एजेंसी



**चिंताजनक** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

**नैनीताल कार्यालय**



**अमृत विचार :** तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

### वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

# बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

**इंफाल, एजेंसी**

▶▶ **भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध**



**16** सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।